शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025


**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 31 |
| आर्द्रता | 80% |
| सूर्योदय: 5:31 | सूर्यास्त: 17:16 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



भारत, ब्रिटेन ने मिसाइलों की आपूर्ति सहित रक्षा संबंधों को विस्तार देने के लिए कदम उठाए पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जिस प्रकार शरीर में दृष्टि है, उसी प्रकार आत्मा में तर्क है।




## चुनाव आयोग के अफसर अधिकारियों को धमका रहे हैं, इसे सहन नहीं किया जायेगा : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के अधिकारी उनकी सरकार के अधिकारियों को धमका रहे हैं और विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही 'राजनीतिक प्रभाव के तहत काम' कर रहे हैं। ममता ने भाजपा पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर 'आग से खेलने' का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि मतदाता सूची से



छेड़छाड़ का कोई भी प्रयास 'लोकतंत्र के साथ विश्वासघात' होगा। इस दिन, नवान्न में संवाददाता सम्मेलन के दौरान ममता ने कहा कि निर्वाचन आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने आश्चर्य जताया कि राज्य का दौरा करने वाले निर्वाचन आयोग के अधिकारी सरकारी अधिकारियों को कैसे तलब कर सकते हैं, जबकि चुनाव की तारीखों की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। ममता ने दावा किया कि यह एसआईआर वैसा नहीं है जैसा दिखता है। इसका इस्तेमाल पश्चिम बंगाल में एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) जैसी प्रक्रिया को लागू करने के लिए एक आवरण के रूप में किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से बात की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाजा के लिए अमेरिका की मध्यस्थता वाली शांति योजना के पहले चरण की 'सफलता' पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बृहस्पतिवार को बधाई दी और शत्रुता समाप्त करने के उनके प्रयासों के लिए उनकी सराहना की। मोदी ने ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का भारी-भरकम शुल्क लगाए जाने के बाद भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में तनाव है। इसमें भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने और ट्रंप ने व्यापार वार्ता में 'अच्छी प्रगति' की भी समीक्षा की। मोदी ने लिखा, ''मैंने अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से बात की और ऐतिहासिक गाजा शांति योजना की सफलता पर उन्हें बधाई दी।'' उन्होंने कहा, ''हमने व्यापार वार्ता में हुई अच्छी प्रगति की भी समीक्षा की। आने वाले हफ्तों में निकट संपर्क में रहने पर सहमति बनी।'' पिछले तीन हफ्तों में मोदी और ट्रंप के बीच फोन पर यह दूसरी बातचीत थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने 16 सितंबर को मोदी को फ़ोन कर उन्हें 75वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी थीं। इससे पहले दिन में मोदी ने गाजा में शत्रुता समाप्त करने के लिए ट्रंप और इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने कहा, ''हम राष्ट्रपति ट्रंप की शांति योजना के पहले चरण पर हुए समझौते का स्वागत करते हैं। यह प्रधानमंत्री नेतन्याहू के सशक्त नेतृत्व का भी प्रतीक है।''

## केंद्र ने बंगाल को 680 करोड़ रुपए से अधिक राशि की जारी

**नई दिल्ली/कोलकाता :** केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) और पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) के लिए 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मूलभूत अनुदान की पहली किस्त के रूप में 680.71 करोड़ रुपए की राशि जारी की है। यह जानकारी पंचायती राज मंत्रालय ने गुरुवार को एक प्रेस रिलीज के माध्यम से दी है। यह राशि राज्य भर की पात्र 3,224 ग्राम पंचायतों, 335 ब्लॉक पंचायतों और 21 जिला परिषदों के लिए 6 अक्टूबर को जारी की गई। मंत्रालय ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 और चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, पश्चिम बंगाल को कुल 4,181.23 करोड़ रुपए की राशि की सिफारिश की गई और जारी की गई। इसमें 2,082.13 करोड़ रुपए अनटाइड अनुदान के रूप में और 2,099.10 करोड़ रुपए टाइड अनुदान के रूप में शामिल हैं।

## अयोध्या में एक शक्तिशाली विस्फोट के बाद मकान ढह गया, पांच लोगों की मौत

**अयोध्या :** अयोध्या में पूरा कलंदर थानाक्षेत्र के पगला भारी गांव में बृहस्पतिवार को शक्तिशाली विस्फोट होने के बाद एक मकान ढह गया, जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) शैलेंद्र सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मलबे में अब भी कई लोगों के दबे होने की आशंका है और बचाव अभियान जारी है। सिंह ने कहा, ''विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई है, कुछ घायल हुए हैं। फंसे हुए लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं। विस्फोट का कारण अभी स्पष्ट नहीं है।'' इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं। बचावकर्मी मलबा हटाने के लिए उत्खनन मशीनों का उपयोग कर रहे हैं, जबकि एहतियात के तौर पर आस-पास के घरों को खाली करा दिया गया है।



## दुर्घटना रोकने को तय हो जवाबदेही

यह शर्मनाक ही है कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं में अन्य कारणों के अलावा सबसे अधिक भूमिका तकनीकी व गुणवत्ता की खामियों वाली सड़कों की होती है। यह भयावह है कि वर्ष 2023 में देश में हुई पांच लाख दुर्घटनाओं में करीब पौने दो लाख लोगों की मौत हुई। उस पर सबसे दुखद यह है कि मरने वालों में एक लाख चौदह हजार लोग अट्ठारह से 45 वर्ष के बीच के युवा थे। जो परिवार के कमाने वाले व नई उम्मीद थे। इन हालात को देखते हुए ही केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने वर्ष 2030 तक इन सड़क दुर्घटनाओं को आधा करने का लक्ष्य रखा है। यह विडंबना ही है कि दुर्घटनाएं रोकने के लिये सख्त कानून बनाने एवं तकनीक के जरिये चालकों की लापरवाही पर नजर रखने जैसे उपायों के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के बेबाक सुझाव से सहमत हुआ जा सकता है कि खराब सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बना दिया जाना चाहिए। इसके लिये ठेकेदार और इंजीनियर की जवाबदेही तय होनी चाहिए। हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में उन्होंने दु:ख जताया कि विदेशों में होने वाले कार्यक्रमों में जब भारत में विश्व की सर्वाधिक सड़क दुर्घटना वाले देश के रूप में चर्चा होती है, तो उन्हें शर्म महसूस होती है। आखिर तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे क्यों नहीं थम रहे हैं।

यह बात तय है कि अगले पांच सालों में सड़क दुर्घटनाओं को यदि आधा करना है, तो युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे। उन कारणों को तलाशना होगा, जिनकी वजह से हर साल सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है। आखिर क्या वजह है कि राजमार्गों के विस्तार और तेज गति के अनुकूल सड़कें बनने के बावजूद हादसे बढ़े हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि राजमार्गों व विभिन्न तीव्र गति वाली सड़कों में साम्य का अभाव है, वहीं मोड़ों को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु तकनीक में बदलाव की जरूरत है। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय को उन कारणों की पड़ताल करनी होगी, जो पर्याप्त धन आवंटन के बावजूद सड़कों को दुर्घटनामुक्त बनाने में बाधक हैं। ऐसे में जरूरी है कि सड़कों की निर्माण सामग्री और डिजाइनों की निगरानी के लिये स्वतंत्र व सशक्त तंत्र बनाया जाए, जो बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के काम कर सके। साथ ही मंत्रालय का दायित्व बनता है कि इस बाबत स्पष्ट नीति को सख्ती से लागू किया जाए। यह जानते हुए कि सड़कों के ठेके में मोटे मुनाफे के लिए एक समांतर भ्रष्ट तंत्र देश में विकसित हुआ है, जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता करने से परहेज नहीं करता। जिसके खिलाफ उठने वाली ईमानदार आवाजें दबा दी जाती हैं। निस्संदेह, गुणवत्ता का मूल्यांकन करने वाली व्यवस्था की जवाबदेही तय करने की सख्त जरूरत है। तब हमें यह सुनने को नहीं मिलेगा कि उद्घाटन के कुछ ही बाद ही सड़क उखड़ गई या बारिश में घुल गई।

## रानी दुर्गावती: नारी शक्ति की वह मशाल, जो सदियों से जलती आ रही है



सावित्री ठाकुर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार

भारत के मंत्रालयों, नीतियों और प्रमुख कार्यक्रमों की कल्पना से भी सदियों पहले, गोंड साम्राज्य की एक आदिवासी युवा रानी अग्रिम मोर्चे पर खड़ी रही – जिसने आत्मसमर्पण के बजाय सम्मान, साहस और कर्तव्य का मार्ग चुना। भारत में वीरता और पराक्रम की प्रतीक के रूप में याद की जाने वाली रानी दुर्गावती आज भी सार्वजनिक जीवन, व्यवसाय, विज्ञान और नागरिक सेवाओं को नई दिशा देने वाली महिलाओं को प्रेरित कर रही हैं। उनकी 501वीं जयंती के अवसर पर, हम उस गाथा और उन मूल्यों को याद करते हैं, जो 16वीं शताब्दी के युद्धक्षेत्रों से लेकर आधुनिक भारत की नीतियों तक एक सतत प्रेरणास्रोत बने हुए हैं।

**साहस की प्रतिमा**

रानी दुर्गावती का जीवन एक किंवदंती इसलिए बना, क्योंकि उन्होंने इतिहास में निष्क्रिय पात्र बनकर रहने से इनकार कर दिया। आक्रमणकारी मुगल शक्तियों का सामना करते हुए उन्होंने अपने राज्य और प्रजा की रक्षा का दायित्व अपने कंधों पर लिया। एक ऐसी महिला, जिसने नेतृत्व किया, निर्णय लिए और अंततः बलिदान दिया – रानी दुर्गावती ने स्वयं को एक क्षेत्रीय शासक से आगे बढ़ाकर राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में स्थापित किया। आज, चाहे उन्हें लोककथाओं, स्मारकों या मध्य भारत की संस्कृति में याद किया जाए, वे इस सत्य की जीवंत मिसाल हैं कि नेतृत्व किसी एक लिंग की सीमाओं में नहीं बँधता।

**प्रतीक से नीति तक: भारत इस कर्तव्य का निर्वहन करता है**

आधुनिक भारत में महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण की जो संरचना आज दिखाई देती है – जिसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और संबद्ध विभागों द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है – वह उसी कर्तव्य भावना और सार्वजनिक उत्तरदायित्व से प्रेरित है, जिसका उदाहरण रानी दुर्गावती ने अपने जीवन में प्रस्तुत किया था। जिस प्रकार रानी ने अपने समय में राज्य और प्रजा की रक्षा का दायित्व निभाया, उसी प्रकार आज की सरकार विभिन्न मोर्चों पर महिलाओं के अधिकारों, अवसरों और समान भागीदारी की रक्षा और विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।

शिक्षा और सामाजिक समरूपता: लड़कियों की शिक्षा में सुधार और लैंगिक अंतर को कम करने के उद्देश्य से लागू किए गए कार्यक्रम आज समाज की नींव को मजबूत कर रहे हैं।

आर्थिक सशक्तिकरण और उद्यमिता: कौशल विकास पहलों से लेकर ऋण और बाजार तक पहुँच प्रदान करने वाली योजनाएँ महिलाओं को उद्योग और व्यवसाय के क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका निभाने में सक्षम बना रही हैं। ये प्रयास आधुनिक शासन और निर्णय-निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।

सुरक्षा और कानूनी संरक्षण: वन स्टॉप सेंटर और विभिन्न हेल्पलाइन सेवाएँ महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और नागरिक भागीदारी सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। इन पहलों ने यह सिद्ध



किया है कि भय या असुरक्षा किसी महिला की प्रगति और आवाज़ को सीमित नहीं कर सकती।

स्वास्थ्य और मातृ देखभाल: मातृ स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजनाएँ केवल स्वास्थ्य सेवा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे महिलाओं के समग्र कल्याण का प्रतीक हैं। ये प्रयास महिलाओं को स्वस्थ, आत्मविश्वासी और नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए सशक्त करते हैं।

जमीनी स्तर पर शासन और प्रतिनिधित्व: पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की पहलें लोकतांत्रिक शासन को और समावेशी बना रही हैं। यह उसी राजनीतिक दूरदर्शिता की झलक है, जो रानी दुर्गावती ने अपने राज्य के संचालन में प्रदर्शित की थी।

**जीवन और उपलब्धियों में मापी गई प्रगति**

पिछले कुछ दशक उल्लेखनीय प्रगति के साक्षी रहे हैं – महिला साक्षरता और कार्यबल में भागीदारी में वृद्धि, निर्वाचित पदों पर महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति, उद्यमिता में तेजी से उभार, और सुरक्षा एवं समान अवसरों के प्रति समाज की बढ़ती संवेदनशीलता ने भारत को एक नई दिशा दी है। ये बदलाव केवल आँकड़े भर नहीं हैं; ये उसी सिद्धांत की आधुनिक अभिव्यक्तियाँ हैं जो रानी दुर्गावती के जीवन ने सिखाया था कि जब महिलाएँ हर परिस्थिति के लिए सुसज्जित और सशक्त होती हैं, तो वे समाज को नया आकार देती हैं।

**रानी दुर्गावती की विरासत एक आधारशिला**

रानी दुर्गावती के उदाहरण को विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण बनाता है उनका दोहरा स्वरूप – नैतिक और व्यावहारिक। नैतिक स्तर पर वे गरिमा, साहस और ज़िम्मेदारी की प्रतीक हैं, जबकि व्यावहारिक स्तर पर उनका जीवन महिलाओं को निर्णयकर्ता और लोककल्याण की रक्षक के रूप में स्थापित करता है। यह दोहरी विरासत पीढ़ियों से भारत की नागरिक चेतना का हिस्सा रही है और इसी ने महिला सशक्तिकरण की नीतियों और पहलों को समाज में गहरी जड़ें जमाने में सहायता की है।

**विकसित भारत के लिए नया दृष्टिकोण**

जैसे-जैसे देश विकसित भारत बनने की दिशा में अग्रसर है, उसे विकास को महिलाओं की भागीदारी के पैमाने और समानता के दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है। महिला-केंद्रित विकसित भारत में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी को विकास के लिए एक अतिरिक्त साधन नहीं, बल्कि विकास का मुख्य सूचक माना जाएगा। व्यावहारिक रूप से इसका अर्थ है कि देश की प्रगति को केवल प्रमुख कल्याण संकेतकों से नहीं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों – बोर्ड, लोक सेवा और सामुदायिक संस्थानों में महिलाओं के नेतृत्व और सक्रिय भागीदारी से भी मापा जाएगा।

इस प्रकार, उन नीतियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जो अवैतनिक देखभाल – जैसे बच्चों की देखभाल, बुजुर्गों की देखभाल और सामुदायिक सहायता – के बोझ को कम करें, ताकि महिलाओं के पास सार्वजनिक और आर्थिक क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी के लिए पर्याप्त समय और अवसर उपलब्ध हो।

इस प्रकार, अतीत के साहस को भविष्य की संभावनाओं से जोड़ते हुए, रानी दुर्गावती की कहानी केवल एक धरोहर नहीं है, बल्कि इस बात का जीवंत प्रमाण है कि भारत क्या बन सकता है। उनका साहस यह संदेश देता है कि महिलाओं को सार्वजनिक जीवन और भविष्य को आकार देने का समान अधिकार है। आज, भारत के मंत्रालयों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों का दायित्व है कि वे उस अधिकार को– स्कूलों और अस्पतालों के माध्यम से, कानूनों और आजीविकाओं के माध्यम से, सुरक्षित सड़कों और समान बोर्डों के माध्यम से – रोज़मर्रा की वास्तविकता में बदलें। यदि विकसित भारत की नब्ज उसकी महिलाओं की शक्ति से मापी जाती है, तो रानी दुर्गावती को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि वह शक्ति हर महिला तक पहुँचाई जाए।

अंततः, रानी की सबसे महान विरासत कोई पत्थर का स्मारक नहीं, बल्कि ऐसा राष्ट्र है जहाँ लाखों महिलाएं जीवन के हर मंच से – चाहे वह घर हो, बाजार हो, विज्ञान हो या शासन – नेतृत्व करें। वे 21वीं सदी में साहस और नेतृत्व की परंपरा को आगे बढ़ाएं।

## एनएफआर ने लामडिंग-बदरपुर हिल सेक्शन में संरक्षा और गति में किया सुधार

**मालीगांव** : पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने लामडिंग-बदरपुर हिल सेक्शन में संरक्षा और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा कार्य सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। यह सेक्शन भारतीय रेलवे के सबसे कठिन और संवेदनशील इलाकों में से एक माना जाता है। बिहाड़ा-हिलारा सेक्शन (किमी 159/2-3) पर स्थित पुल संख्या 359 (318.3 मीटर कम्पोजिट गर्डर) का रेट्रोफिटिंग कार्य हाल ही में संपन्न हुआ। सितंबर 2025 में किए गए इस सुदृढ़ीकरण में कंक्रीट हटाने, ग्राउटिंग, डाउलिंग और माइक्रो कंक्रीटिंग जैसे कार्य शामिल थे। कार्य पूर्ण होने के बाद 45 किमी/घंटा की गति सीमा हटा दी गई और अब इस मार्ग पर ट्रेनों की गति 75 किमी/घंटा कर दी गई है, जिससे ट्रेन संचालन और अधिक सुरक्षित एवं तेज हुआ है। इसके अलावा, डिहाखु-मुपा सेक्शन (किमी 51/1-2) के बीच 55 मीटर ऊंची ढलान पर ट्रैक पुनः संरेखण (रिअलाइनमेंट) कार्य किया गया। मई 2025 से निगरानी के बाद इंजीनियरिंग टीमों ने चार घंटे के रात्रि ब्लॉक के दौरान कट और कनेक्शन का कार्य पूरा किया। नए संरेखण के तहत ट्रैक को ढलान से 15 मीटर दूर स्थानांतरित किया गया, जिससे दीर्घकालिक स्थिरता और संरक्षा सुनिश्चित हुई है। इन प्रयासों से लामडिंग-बदरपुर हिल सेक्शन में संरक्षा, विश्वसनीयता और परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। एनएफआर का यह कदम पूर्वोत्तर क्षेत्र में सुरक्षित, निर्बाध और तेज रेल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## देश की खबरें

## जैश-ए-मोहम्मद की नई चाल, बना रहा महिलाओं की स्पेशल ब्रिगेड

**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर में जब पाकिस्तान में बैठे आतंकियों की कमर टूट गई वतो अब वही आतंकी संगठन नई चालें चल रहे हैं। जैश-ए-मोहम्मद अब महिलाओं का एक खास ब्रिगेड बना रहा है, जिसका नाम रखा गया है 'जमात अल-मुमिनात'। सूत्रों के मुताबिक, यह ग्रुप 2024 के बाद से एक्टिव है और इसका मकसद है महिलाओं को ब्रेनवॉश करके उन्हें अपने नेटवर्क में शामिल करना। इस ब्रिगेड को जैश के महिला विंग के तौर पर तैयार किया गया है, जो साइकोलॉजिकल वारफेयर, यानी मानसिक तौर पर असर डालने वाले प्रचार और ग्राउंड



लेवल पर भर्ती का काम कर रहा है।

**इन राज्यों में ऑनलाइन नेटवर्क के जरिए एक्टिव**

'जमात अल-मुमिनात' जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश और दक्षिण भारत के कुछ इलाकों में ऑनलाइन नेटवर्क के ज़रिए एक्टिव है। सोशल मीडिया, व्हाट्सऐप ग्रुप्स और कुछ मदरसों के नेटवर्क के ज़रिए इस ग्रुप की गतिविधियां फैल रही हैं। इसका मकसद है , महिलाओं को धर्म के नाम पर बरगलाना और संगठन के लिए इस्तेमाल करना। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक, जैश के इस नए सर्कुलर में मक्का और मदीना की तस्वीरें लगाई गई हैं ताकि इसे धार्मिक रंग दिया जा सके। साथ ही इसमें भावनात्मक बातें लिखी गई हैं ताकि पढ़ी-लिखी और शहरी मुस्लिम महिलाओं को प्रभावित किया जा सके।

**महिलाओं की भावनाओं को छूने की कोशिश**

यानी, यह पूरा अभियान महिलाओं की भावनाओं को छूकर उन्हें संगठन के मकसद से जोड़ने की कोशिश है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 'जमात अल-मुमिनात' जैश की तरह ही सेल-बेस्ड स्ट्रक्चर पर काम कर रहा है। मतलब अलग-अलग छोटे ग्रुप्स जो सोशल मीडिया या मदरसों के ज़रिए भर्ती, चंदा जुटाने और संदेश फैलाने का काम कर रहे हैं। खुफिया एजेंसियों ने इस सर्कुलर के पाकिस्तान कनेक्शन के भी ठोस सबूत मिलने की बात कही है।

## धान की कटाई को लेकर असम-मेघालय सीमा पर झड़प में एक व्यक्ति की मौत, कई घायल

**दीफू/शिलांग :** मेघालय की सीमा से सटे असम के पश्चिमी कार्बी आंगलोंग जिले में बृहस्पतिवार को धान की कटाई को लेकर दो समूहों के बीच हुई झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। धान की कटाई को लेकर पिछले एक सप्ताह से सीमा के दोनों ओर तनाव व्याप्त है। दोनों पक्ष दावा कर रहे हैं कि जमीन उनकी है। अधिकारियों ने बताया कि छह अक्टूबर को अंतरराज्यीय सीमा शांति समिति की बैठक हुई थी, जिसमें निर्णय लिया गया था कि सीमा पर पूरी तरह से शांति बहाल होने तक क्षेत्र में कृषि और विकास गतिविधियां स्थगित रहेंगी। पुलिस ने बताया कि हिंसा की ताजा घटना तब हुई जब मेघालय के लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर फसल काटना शुरू कर दिया, जिसका हमरेन थानाक्षेत्र के तपत गांव के लोगों ने विरोध किया और उनके बीच हाथापाई हुई। उन्होंने बताया कि दोपहर के समय मेघालय के लापांगप गांव और असम के तपत गांव के निवासियों के बीच कई बार झगड़ा हुआ। मेघालय के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''इस झड़प में कार्बी समुदाय के एक व्यक्ति की मौत हो गई।'' मृतक की पहचान असम के तपत गांव निवासी 48 वर्षीय ओरिवेल तिमुंग के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, झड़प में कई लोग घायल हो गए, जिनमें कुछ सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। घायलों का अस्पताल में इलाज हो रहा है। इस बीच, उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसॉन्ग ने कहा कि मेघालय सरकार ने बृहस्पतिवार शाम को पश्चिमी जयंतिया हिल्स के लापांगप गांव में रात्रि कर्फ्यू लगा दिया। साथ ही हिंसा को रोकने के लिए इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं।


## आरेडिका में अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताएं संपन्न




**रायबरेली** : रेल कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी में आधिकारिक कार्य हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताएं मंगलवार से गुरुवार तक आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) रायबरेली में संपन्न हुईं। यह आयोजन रेलवे बोर्ड के तत्व-ावधान में तथा आरेडिका के राजभाषा विभाग के सहयोग से किया गया। गुरुवार को आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा, महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा, रेलवे बोर्ड के निदेशक (राजभाषा) बी. सगुणा, उप निदेशक सतविंदर सिंह, सहायक निदेशक अंजू गेरा तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी रमेश चंद्र उपस्थित रहे। तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन, टिप्पण एवं प्रारूप लेखन तथा वाक् प्रतियोगिता आयोजित की गईं। निबंध लेखन में मनाली देव शर्मा (पूर्वोत्तर सीमा रेलवे, मालीगांव) प्रथम, संजय ठाकुर (पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर) द्वितीय तथा स्वाति मिश्रा (उत्तर मध्य रेलवे, कानपुर) तृतीय रहीं। वाक् प्रतियोगिता में अंकित कुमार उपाध्याय (उत्तर रेलवे, लखनऊ) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाप्रबंधक मिश्रा ने कहा कि रेल और राजभाषा दोनों ने देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। निदेशक सगुणा ने आरेडिका को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि भविष्य में भी राष्ट्रीय स्तर की राजभाषा प्रतियोगिताएं यहां आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा। समारोह में स्काउट-गाइड एवं सांस्कृतिक संगठन के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। अंत में उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानंद पाठक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 'बालाकोट तिरामिसु' से 'रावलपिंडी चिकन' तक: वायुसेना दिवस के मेन्यू ने जीता दिल, चढ़ा पाकिस्तान का पारा

**नई दिल्ली :** भारतीय वायु सेना ने बुधवार को अपना 93वां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान दिल्ली के नजदीक हिंडन एयरपोर्ट बेस पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राफेल से लेकर एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइलों का प्रदर्शन किया गया। लेकिन, कार्यक्रम की एक चीज सबसे ज्यादा चर्चा में है। वह है कार्यक्रम का मेन्यू। इस मेन्यू को देखकर आपके मुंह में जरूर पानी आ जाएगा लेकिन पाकिस्तान की आंखों में खून उतरना तय है। दरअसल, इस मेन्यू का एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें ये मेन्यू दर्ज है। हालांकि,




एयरफोर्स ने इस मेन्यू कार्ड की पुष्टि नहीं की है।

मेन्यू में मुख्य व्यंजनों में 'राव-लपिंडी' चिकन टिक्का मसाला, 'रफीकी' रहरा मटन, 'भोलारी' पनीर मेथी मलाई, 'सुक्कुर' शम सवेरा कोफ्ता, 'सरगोधा' दाल मखनी, 'जैकबाबाद' मेवा पुलाव और 'बहावलपुर' नान शामिल थे। इसके अलावा मिठाइयों में 'बालाकोट' तिरामिसु, 'मुजफ्फराबाद' कुल्फी फालूदा और 'मुरीदके' मीठा पान पेश किए गए। दिलचस्प बात यह है कि मेन्यू में दर्ज सभी पाकिस्तानी शहर भारतीय वायु सेना के लिए ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। ये शहर 2019 में एयर स्ट्राइक और इस साल की शुरुआत में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हवाई हमलों के लक्ष्य थे। 2019 के एयर स्ट्राइक में बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया था, जबकि ऑपरेशन सिंदूर में रावलपिंडी और अन्य शहरों में संदिग्ध आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 10 अक्टूबर, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक कृष्णपक्ष चतुर्थी, 19:41 तक, नक्षत्र : कृत्तिका, 17:33 तक, योग : सिद्धि, 17:39 तक, सूर्योदय: 5:31, सूर्यास्त: 17:16, चन्द्रोदय : 19:42, चन्द्रास्त: 08:45, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 09:56 से 11:23

## राशिफल

**मेष :** आज आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा। आपके काम में यदि कुछ व्यवधान आ रहे थे, तो वह भी दूर होंगे। आप किसी दूसरे के मामले में ना बोले।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए किसी लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको शीघ्रता और भावुकता में कोई भी निर्णय लेने से बचना होगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। दोस्तों के साथ आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को उनकी मेहनत से अच्छा मुकाम हासिल होगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों से भरा रहने वाला है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी खटपट हो सकती है, इसलिए आप कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलें।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। सामाजिक कामों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**तुला :** आज आपके कारोबार में इनकम बढ़ने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा, जो आपको खुशी देगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**वृश्चिक :** आज आप अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करेंगे। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो हो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है।


**धनु :** आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में किसी काम को करने के लिए रहेगा। आप कोई जोखिम लेने से बचें। आपको काम को लेकर कुछ चुनौतियां घेरे हुए थी, तो वह भी दूर होगी।

**मकर :** आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप रोमांटिक मूड में रहेंगे और लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन रोजगार की तलाश में लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

**मीन :** आज आपको जीवनसाथी से अपने रिश्तों को बेहतर बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। यदि कोई समस्या हो, तो उसे मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें।

## वर्ग पहेली नं. 3229



*ऊपर से नीचे:-* 1) स्थानचिन्ह, 2) छलकता, 3) उत्कर्ष काल, 4) यतीम, 5) तरल पदार्थ का ठोस बनाना, 6) घबराहट, 9) स्वामी, 11) तीर्थस्थान, 12) एक *अंग्रेजी* महीना, 13) नमस्कार, 15) धावा, 16) अयोग्य 18) प्रायः, 19) परिवारिक; निज; व्यक्तिगत, 21) सहमत, 22) धब्बा, 23) आँचल; गोदी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) वायु, 4) पूर्वज; बड़ा भाई, 6) नेता; मुखिया, 7) मल्ल, 8) सौंपना; पकड़ाना; देना, 10) हवन की लकड़ी, 13) बेगम, 14) सुगंध बखेरना, 17) झुलसता; तप्त, 19) डूबा हुआ, 20) एक लता और उसका कड़वा फल, 21) नानक पंथ के चौथे गुरु, 23) चक्राकार, 24) बेदिली; अप्रसन्नता; नाखुशी, 25) ज़रूरतवाला; इच्छुक.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | ■ | फ़ | रे | बी | ■ | ■ | आ | बा | दी |
| सी | मि | त | ■ | मा | ला | मा | ल | ■ | ठ |
| य | ■ | ह | ज़ा | र | ■ | द | म | क | ■ |
| त | ब | ■ | हि | ■ | त | क | ■ | मी | ठा |
| ना | म | व | र | ■ | बे | ता | ब | ■ | क |
| मा | ■ | नि | ■ | ब | ला | ■ | म | रा | ठी |
| ■ | ख़ | ता | वा | र | ■ | श | म | ■ | क |
| ना | रा | ■ | म | त | ■ | क | री | म | ■ |
| ता | ब | ■ | न | न | द | ■ | ■ | हा | थी |

## सुडोकू-पहेली-3186

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 4 | | 9 | | |
| | 9 | | | | | 7 | 1 | |
| | | | 5 | | 2 | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | |
| | | 1 | | | | | | 7 |
| 9 | 6 | | | 2 | | | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 4 | | | | 5 | | | 3 | |
| | | | | | 7 | 2 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3185 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 8 | 1 | 9 | 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 5 | 2 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 |
| 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 |
| 1 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 5 | 8 | 4 | 9 |
| 2 | 4 | 5 | 8 | 9 | 1 | 6 | 7 | 3 |

# दार्जिलिंग भूस्खलन : मृतकों की संख्या 39 पहुंची, राहत अभियान तेज



❑ क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत जारी

**सिलिगुड़ी/कोलकाता :** उत्तर बंगाल के पहाड़ी, तराई और डुआर्स क्षेत्रों में भारी वर्षा और भूस्खलन से हुई तबाही के बीच पिछले 24 घंटे में तीन और शव मिलने से मृतकों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। यह जानकारी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और दार्जिलिंग व जलपाईगुड़ी जिला प्रशासन ने दी है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि राहत एवं बचाव कार्य जारी रहने के कारण मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार की सुबह तक आधिकारिक मृतक संख्या 36 थी और उस दिन कोई नया शव नहीं मिला था। उन्होंने कहा कि हालांकि, पिछले 24 घंटे में तीन और शव मिले हैं, जिनमें से दो शव जलढाका नदी में बहकर आए थे। पिछले 24 घंटे में बरामद किए गए शवों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। इसी बीच, क्षेत्र में गुरुवार से मौसम की स्थिति सामान्य होने के बाद राहत, बचाव और पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी आई है। कई क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जा चुकी है और लोकप्रिय सैर मार्गों में से कुछ, जिनमें प्रसिद्ध संदकफू ट्रेकिंग मार्ग भी शामिल है, पर्यटकों के लिए दोबारा खोल दिए गए हैं। जिला प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती पहाड़ी इलाकों में बिजली आपूर्ति को पूरी तरह बहाल करना है।

### उत्तर बंगाल के प्रभावित किसानों के लिए राज्य सरकार ने शुरू किया विशेष शिविर

राज्य सरकार ने हाल ही में आई प्राकृतिक आपदाओं के बाद राज्य की फसल बीमा योजना में शीघ्र नामांकन के लिए उत्तर बंगाल में बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए विशेष पंजीकरण शिविर शुरू किए हैं। प्रशासन के एक वरिष्ठ सूत्र के अनुसार, राज्य कृषि विभाग के अधिकारी बीमा कवर के लिए पंजीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए बाढ़ प्रभावित किसानों के साथ बातचीत कर रहे हैं। सरकारी सूत्रों के अनुसार, भारी और लगातार बारिश के कारण नदियां उफान पर आ गईं, जिससे उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग, कूचबिहार और अलीपुरद्वार जिलों के कई इलाकों में व्यापक बाढ़ आ गई। इन क्षेत्रों में फसलों को हुए व्यापक नुकसान को लेकर किसान समुदाय में चिंताएं बढ़ रही हैं। हालांकि, नुकसान की सही सीमा का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन शुरुआती सर्वेक्षणों से पता चलता है कि इन जगहों पर सब्जियों और प्रमुख फसलों, खासकर धान और मक्का को काफी नुकसान हुआ है। सरकारी रिपोर्टों के अनुसार, बाढ़ के कारण अब तक 18,452 हेक्टेयर कृषि भूमि जलमग्न हो चुकी है। जलपाईगुड़ी ज़िला सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ है, जहां लगभग 13,953 हेक्टेयर जमीन जलमग्न है। अलीपुरद्वार में लगभग 3,495 हेक्टेयर कृषि भूमि बाढ़ में डूबी हुई है, जबकि दार्जिलिंग और कूचबिहार में क्रमशः 582 हेक्टेयर और 422 हेक्टेयर जमीन जलमग्न है। इसके अलावा, कृषि विपणन विभाग ने आने वाले दिनों में निवासियों को उचित दामों पर सब्ज़ियां उपलब्ध कराने के लिए 29 अतिरिक्त सुफ़ल बांग्ला स्टॉल लगाए हैं। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के राहत शिविरों में कई सुफ़ल बांग्ला केंद्रों से 150 क्विंटल आलू सहित विभिन्न खाद्य सामग्री भेजी गई है।

### बचाव अभियान में अपनी जान को जोखिम में डालने वाले लोगों को सम्मानित करेगी सरकार

राज्य सरकार ने राज्य के उत्तरी इलाके में हाल ही आई प्राकृतिक आपदा के बाद राहत कार्यों में अपनी जान जोखिम में डालने वाले अग्निशमन कर्मियों, एसडीआरएफ कर्मियों, पुलिस अधिकारियों, अभियंताओं और चिकित्सकों को सम्मानित करने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि यह निर्णय संकट के दौरान अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं की अनुकरणीय सेवा को मान्यता देने के लिए लिया गया। अधिकारी ने बताया कि ममता बनर्जी के सोमवार को फिर से उत्तर बंगाल का दौरा करने की संभावना है। उनका दार्जिलिंग भी कार्यक्रम प्रस्तावित है। अधिकारी ने बताया कि उम्मीद है कि वह इस यात्रा के दौरान जमीनी स्तर पर चल रहे पुनर्निर्माण और मरम्मत कार्यों का निरीक्षण करेंगी तथा एक उच्च स्तरीय प्रशासनिक बैठक भी करेंगी। उन्होंने बताया कि इस बीच, राज्य सरकार दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के खिलाफ बिना पूर्व सूचना के पानी छोड़ने के लिए विरोध प्रदर्शन करने की योजना बना रही है।

# 'बंगाल में एसआईआर से 1.2 करोड़ अवैध मतदाता हट सकते हैं', केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर का बड़ा दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्री व भाजपा सांसद शांतनु ठाकुर ने गुरुवार को बड़ा दावा करते हुए कहा है कि बंगाल में एसआईआर से 1.2 करोड़ 'अवैध मतदाता' हट सकते हैं। दरअसल, उत्तर 24 परगना जिले के गायघाटा में विजया सम्मिलनी कार्यक्रम में बोलते हुए मतुआ समुदाय के प्रमुख नेता शांतनु ठाकुर ने कहा कि एसआईआर एक पारदर्शी मतदाता सूची सुनिश्चित करेगा और राज्य की मतदाता सूची से 'रोहिंग्या, घुसपैठिए और फर्जी मतदाता' कहे जाने वाले लोगों को हटा देगा। उन्होंने कहा कि अगर एसआईआर को सही तरीके से लागू किया गया, तो टीएमसी सरकार के पास बचने का कोई रास्ता नहीं बचेगा। राज्य में अवैध रूप से मतदाता बने कम से कम एक करोड़ से 1.2 करोड़ लोगों के नाम हटा दिए जाएंगे। रोहिंग्या, घुसपैठिए और फर्जी मतदाता अब वोट नहीं डाल पाएंगे। शांतनु ठाकुर ने जोर देकर कहा कि एक साफ मतदाता सूची पश्चिम बंगाल में वास्तविक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग



सचमुच बदलाव चाहते हैं, जो पश्चिम बंगाल में उद्योग, शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवा चाहते हैं, वे वोट दे पाएंगे। उनके वोटों से भाजपा जीतेगी और सरकार बनाएगी। कार्यक्रम के बाद, पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस संशोधन से पारदर्शिता आएगी और मतदाता सूची में अवैध मतदाताओं का पर्दाफाश होगा। उन्होंने कहा कि एक पारदर्शी मतदाता सूची सामने आएगी। हम देखेंगे कि कितने रोहिंग्या, बांग्लादेशी और फर्जी मतदाता हटाए जाते हैं और कितने शरणार्थी मतदाता प्रभावित होते हैं। शरणार्थियों को बांग्लादेश वापस नहीं भेजा जाएगा। नागरिकता मिलने के बाद वे फिर से वैध मतदाता बन जाएंगे।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/703, दिनांक 26.09.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3172-आर4; कार्य का नाम: बैण्डेल कारशेड में नए स्वचालित कोच धुलाई संयंत्र के लिए 80 केवीए विद्युत के प्रावधान के लिए विद्युतीय साधारण कार्य। निविदा मूल्य: रु. 3,70,894; बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु. 7,400; समापन अवधि: 180 दिन। क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3497; कार्य का नाम: हावड़ा मंडल के तहत दुर्गापूजा, काली पूजा, 2025 एवं अन्य अवसरों के लिए हावड़ा स्टेशन, फेयरली प्लेस मुख्यालय भवन में एक वर्ष के लिए अस्थाई आलोकीकरण। निविदा मूल्य: रु. 16,71,187; बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा): रु. 33,400; समापन अवधि: 12 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 17.10.2025 को 15.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। (HWH-338/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या: पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/एचडब्ल्यूएच/ ई-प्रोक्योरमेंट/50, दिनांक: 24/09/2025।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से पीसीएमएम/ सीएलडब्ल्यू/ एचडब्ल्यूएच निम्नलिखित की आपूर्ति के लिए स्थापित और विश्वसनीय निर्माताओं से इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित करता है। निम्नलिखित ई-निविदाएं इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के निर्माण के लिए सामग्री की आपूर्ति के लिए हैं। संभावित आपूर्तिकर्ताओं से अनुरोध है कि वे विस्तृत निर्देशों के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। ये ई-निविदाएं हैं, केवल इलेक्ट्रॉनिक बोलियां ही स्वीकार की जाएंगी। **क्रम संख्या; निविदा संख्या; स्टोर का विवरण; मात्रा; नियत तिथि; निविदा लागत** इस प्रकार हैं: **[305]; 14252953बी;** ड्राइंग/विनिर्देश संख्या (1) सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0022/एच और (2) एसपीईसी/ई-10/बी/09 (मोटर) के अनुसार मोटर सहित स्कैवेंज ब्लोअर से एमआर ब्लोअर तक (कोरोना रेजिस्टेंस वायर से लपेटा हुआ) संशोधन संख्या 01 से 06 के साथ; **निविदा/दस्तावेजों के अनुसार;** 10/10/2025; **₹0.00. [306]; 14253000ए;** तीन फेज लोकोमोटिव के लिए इलेक्ट्रिकल सिग्नल एक्सचेंज सिस्टम [प्रत्येक सिस्टम में शामिल हैं-(i) एलईडी लाइट के दो सेट, (ii) लोको पायलट और सहायक लोको पायलट के लिए अलग से ऑपरेटिंग पैनल/स्विच और (iii) कनेक्शन के लिए हार्नेस केबल]। विनिर्देश: सीएलडब्ल्यू/एमएस/03/0670 एएलटी-2 [मात्रा सहनशीलता (+/-): 5%, आइटम श्रेणी: सामान्य, कुल पीओ मूल्य भिन्नता की अनुमति: अधिकतम 8 लाख]; **निविदा/दस्तावेजों के अनुसार;** 16/10/2025; **₹0.00. [307]; 14252984एफ; 1)** पेंटोग्राफ माउंटिंग इंसुलेटर ड्राइंग/विनिर्देश संख्या सीएलडब्ल्यू/ईएस/एसी/I-1/के, सीएलडब्ल्यू/ईएस/एसके-4 /एसी/I - 1 / के के अनुसार, **2 )** रूफ लाइन इंसुलेटर ड्राइंग/विनिर्देश संख्या सीएलडब्ल्यू/ईएस/एसी/I-1/के, सीएलडब्ल्यू/ईएस/ एसके-2/एसी/I - 1 / के अनुसार; **निविदा/दस्तावेजों के अनुसार;** 23/10/2025; **₹0.00.**

PR1/217 पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/हावड़ा

Like us on : www.facebook.com/clwrailways

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-18-2025-26, दिनांक 24.09.2025; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, पहली मंजिल, डीआरएम कार्यालय, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-18-2025-26, कार्य का नाम: सियालदह मंडल के तहत ट्रैक के बीच ओएचई खम्भों को हटाने के संबंध में 25केवी ओएचई तथा संबंधित विद्युतीय कार्य। निविदा मूल्य: रु. 8,29,16,368; बयाना राशि: रु. 5,64,600; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। समापन अवधि: स्वीकृति पत्र जारी करने की तारीख से 12 (बारह) महीने। बंद होने की तारीख: 28.10.2025 को 15.00 बजे। निविदा सूचना का विवरण तथा समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (SDAH-221/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

संक्षिप्त निविदा सूचना सं. ईएल-एसडीएएच-कॉन-टीआरडी-179-2025-एनआईटी, दिनांक 08.10.2025; निविदा सं.: ईएल-एसडीएएच-कॉन-टीआरडी-179-2025; उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, सियालदह, आर.एम.एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं समुचित अनुभव के साथ विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस रखने वाले अनुभवी विद्युतीय ठेकेदारों, साझेदारी प्रतिष्ठानों इत्यादि से ई-निविदा प्रक्रिया के जरिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम: "पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में नैहाटी से रानाघाट तक तृतीय लाइन कार्य के संबंध में रानाघाट के यार्ड मॉडिफिकेशन के लिए 25केवी ए.सी. सिंगल फेज ओवरहेड उपकरण, एलटी सप्लाई ट्रांसफॉर्मर की डिजाइन, आरेख, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना तथा कल्याणी से रानाघाट के बीच ई.आई. हट के लिए एलटी सप्लाई ट्रांसफॉर्मरों का प्रावधान"। निविदा मूल्य: रु. 6,70,90,726; बयाना राशि: रु. 4,85,500; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। समापन अवधि: 12 (बारह) महीने। बंद होने की तारीख एवं समय: 07.11.2025 को दोपहर 12.30 बजे। निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं तथा इस निविदा के तहत ऊपर उल्लेखित 'निविदा दस्तावेज की कीमत' तथा "बयाना राशि" का ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत ऊपर उल्लेखित निविदा बंद होने की तारीख एवं समय को अथवा उससे पहले वहां बोलियां जमा की जा सकती है। इस निविदा के तहत ऊपर उल्लेखित सभी दस्तावेज के साथ सभी पहलुओं में परिपूर्ण निविदाएं www.ireps.gov.in पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी संशोधनी (यदि कोई हो) तथा अन्य मूल जानकारियां www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा सूचना का विस्तृत विवरण उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, आर.एम.एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 के सूचना पट्ट पर भी देखे जा सकते हैं। (CON-46/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शुभेंदु अधिकारी ने राज्यपाल से सरकार के खिलाफ 'संवैधानिक' कार्रवाई का किया आग्रह



❑ भाजपा सांसद पर हमले का मामला

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को राज्यपाल बोस से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू हमला मामले में राज्य सरकार के खिलाफ 'संवैधानिक' कार्रवाई करने का आग्रह किया और कहा कि बंगाल कार्रवाई चाहता है। बता दें कि शुभेंदु अधिकारी की यह तीखी टिप्पणी बोस द्वारा नयी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करने और राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर एक रिपोर्ट सौंपे जाने के एक दिन बाद आई है। इस दिन, वरिष्ठ भाजपा नेता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं किसी भी रिपोर्ट (भाजपा नेताओं पर हमले के संबंध में राज्यपाल द्वारा नयी दिल्ली को रिपोर्ट सौंपे जाने के संदर्भ में) पर विश्वास नहीं करता, बंगाल कार्रवाई चाहता है। अब समय आ गया है कि राज्यपाल इस सरकार के खिलाफ संवैधानिक कदम उठाएं। भाजपा नेता ने याद दिलाया कि मुर्शिदाबाद में अप्रैल में हुई सांप्रदायिक झड़प, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी, के बाद राज्यपाल ने कहा था कि आगे कोई भी 'अप्रिय घटना' होने पर कड़ी संवैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि अब जबकि एक मौजूदा सांसद पर बर्बर हमला हुआ है, हमें उम्मीद है कि राज्यपाल अपनी संवैधानिक शपथ के अनुसार कार्रवाई करेंगे।

### भाजपा सांसद-विधायक पर हमले की जांच एनआईए और सीबीआई से कराने को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर

कलकत्ता उच्च न्यायालय में गुरुवार को दो अलग-अलग याचिका दायर कर उत्तर बंगाल के नागराकाटा में इस सप्ताह की शुरुआत में भाजपा के सांसद खगेन मुर्मू पर हुए हमले की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति कौशिक चंदा की अदालत ने एनआईए से जांच संबंधी याचिका को सुनवाई के लिए मंजूर कर लिया। याचिकाकर्ता के वकील सायन चट्टोपाध्याय ने अनुसूचित जाति (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) अधिनियम के तहत मामला शुरू करने का निर्देश देने का अनुरोध किया, क्योंकि मुर्मू एसटी समुदाय से हैं। एक अन्य याचिका में अनुरोध किया गया कि राज्य सरकार की जांच में विश्वास की कमी का हवाला देते हुए जांच को पश्चिम बंगाल पुलिस से सीबीआई को हस्तांतरित कर दिया जाए। दोनों याचिकाओं पर 14 अक्टूबर को सुनवाई होने की संभावना है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**सिविल इंजीनियरिंग (ब्रिज लाईन)**

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभि. (ब्रिज लाईन) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई– निविदा ब्रिज लाईन कोटा के लिए आमंत्रित हैः–टेन्डर संख्या–डीवाई सीई–ब्रिज लाईन–कोटा– 07–2025, कार्य का विवरण– पेन्टिग एण्ड मेटलाइजिंग ऑफ वेरियस ट्रैक गर्डर ब्रिजेज ऑफ कोटा डिविजन।, कार्य की लागत–29642109.36, टेन्डर बंद होने की तारीखा–07.11.2025 (15.30 hours), पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलोड की गई ई–निविदा में तथा उप मुख्य इंजीनियर (ब्रिज लाईन), पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर कार्यालय शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।ऑफर सिर्फ ई–निविदा के माध्यम सं ही स्वीकार किये जायेगें। ई–निविदा के अतिरिक्त ऑफ लाईन/ मैनुअल ऑफर के माध्यम से टेन्डर स्वीकार नहीं किये जायेगें।

हस्ता.

कृते सहा.कार्यकारी अभि. (ब्रिज लाईन)

पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. : एसडीएसटीई-एफआरपी-एसआईजी-यूनिट-25-आरई, दिनांक 07.10.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। कार्य का नाम: मेटालिक सिग्नल यूनिटों के स्थान पर आरडीएसओ विनिर्देश की एफआरपी सिग्नल यूनिटों का प्रावधान। विज्ञापित मूल्य: रु. 3,26,82,484; बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 3,13,400; निविदा दस्तावेज की कीमत: रु. 0.00; बोली शुरू होने की तारीख: 15.10.2025। समापन अवधि: 09 महीने। प्रस्ताव की वैधता: 60 दिन। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 29.10.2025 को 15.00 बजे। निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समय: 07.10.2025 को 11.27 बजे। (HWH-330/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/575, दिनांक 06.10.2025; सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: ई-निविदा सं. एसडीएसटीई/टेली/टी/14/25-26/सीएपी, आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान: सियालदह मंडल में सोनारपुर-कैनिंग, सोनारपुर-बारुईपुर-डॉयमण्ड हार्बर, बारुईपुर-लक्ष्मीकांतपुर, रानाघाट-शांतिपुर अनुभाग में 48एफ ओएफसी का प्रावधान तथा सियालदह मंडल में मीडिया रिडंडेंसी, डाटालॉगर के माध्यम से एसएमएस अलर्ट, ड्युअल बीपीएसी एवं यूएफएसबीआई के लिए फेल्ड मीडिया इंडीकेशनों के साथ सम्बद्ध उपकरणों का प्रावधान। निविदा मूल्य: रु. 9,79,53,386.45; जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 6,39,800; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। कार्य समापन अवधि: 12 महीने। निविदा जमा शुरू होने की तारीख: 20.10.2025; निविदा जमा करने की अंतिम तारीख: 03.11.2025 को 14.00 बजे तक। निविदा बोली खुलने की तारीख: 03.11.2025 को 14.30 बजे। विस्तृत विवरण: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। पात्रता के तकनीकी मानदंड: निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बरावर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। पात्रता के वित्तीय मानदंड: निविदादाता द्वारा बी/एन अथवा 'बी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां बी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज: जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। समतुल्य प्रकृति का कार्य: "गड्ढों की खुदाई, सिग्नलिंग अथवा टेलीकॉम केबलों की बिछाने एवं परीक्षण युक्त कोई भी सिग्नल अथवा टेलीकॉम कार्य"। टिप्पणी: निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-219/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**अनुलग्न-अ**

**कार्य विवरण:** रेलवे भूमि के प्रबंधन के लिए नीति पर मास्टर परिपत्र के तहत रेलवे भूमि के अनुमत उपयोग लाइसेंस के आवंटन के लिए ई–नीलामी।

रेलवे भूमि के प्रबंधन के लिए नीति पर मास्टर परिपत्र के तहत रेलवे भूमि के अनुमत उपयोग के लिए लाइसेंस के कार्य हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार हैं:

**केटेलॉग क्र.:** BSP-CPL-KJZ2 **श्रेणी:** Misc-Static-Services

**नीलामी तिथि एवं समय :** 18-10-25 13:30:00

**लॉट क्रमांक :** MSS-BSP-KJZ-STGen-109-25-2

**लॉट विवरण : क)** यह नीलामी केवल अनुमोदित कार्गो संबंधी सुविधाओं (सभी गतिविधियां जो कम से कम एक दिशा के लिए परिवहन के साधन के रूप में रेलवे का उपयोग करती हैं, जैसे गोदाम, भंडारण सुविधाएं, साइलो, टैंक, कन्वेयर बेल्ट, डिकैंटिंग सुविधाएं और रेल/सड़क वजन पुल, ट्रक पार्किंग इत्यादि जैसे कार्गो के लिए अन्य सक्षम सुविधाएं) की सुविधा के उद्देश्य से बिलासपुर डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में रेलवे भूमि के प्रबंधन के लिए नीति (अनुलग्नक-I के अनुसार) पर मास्टर परिपत्र के तहत रेलवे भूमि के अनुमत उपयोगों से संबंधित है। स्टैकिंग, हैंडलिंग, स्टोरेज और ट्रांसशिपमेंट सहित कार्गो से संबंधित गतिविधियां। **ख)** रेलवे, पीएसयू, मौजूदा कटेनर टर्मिनल ऑपरेटरों, नए कंटेनर टर्मिनल ऑपरेटरों, मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक्स ऑपरेटरों, उद्योगों, बंदरगाहों, खानों और रेलवे नेटवर्क पर कार्गो ले जाने में रुचि रखने वाली किसी भी अन्य इकाई सहित किसी भी इकाई द्वारा कार्गो से संबंधित गतिविधियां की जा सकती है। **ग)** पट्टे पर दिए गए क्षेत्र में किसी तीसरे पक्ष की वाणिज्यिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी। **अनुबंध अवधि:** अनुमोदित संयुक्त प्रक्रिया आदेश के अनुसार

*सीपीआर/10/363* *सहायक वाणिज्य प्रबंधक(गूड्स)/बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

# एसटीएफ ने राज्य में दो अलग-अलग जगहों से करीब तीन करोड़ रुपये के मादक पदार्थ किए जब्त

❑ दोनों मामले में कुल चार लोग गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने राज्य में दो अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर 2.8 किलो हेरोइन जब्त की है। जिसका अनुमानित बाजार मूल्य करीब तीन करोड़ रुपये है। इस घटना में चार ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इतनी बड़ी मात्रा में हेरोइन की तस्करी कहां की जा रही थी। जांच अधिकारी गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। बताया गया है कि गत 7 अक्टूबर को गुप्त सूत्र से सूचना मिलने पर एसटीएफ के अधिकारियों ने नदिया जिले के कालीगंज थाना अंतर्गत पलाशी इलाके में एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान, दो तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। बताया गया है कि पैकेटों में भरी लगभग एक किलो हेरोइन की तस्करी करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के नाम हफीजुल शिकारी (53) और जिबरेल मंडल (63) है। दूसरी ओर, गुप्त सूत्र से गुप्त सूचना मिलने के बाद एसटीएफ ने बीते शनिवार को डानकुनी स्टेशन पर बेलूर जीआरपी के साथ छापामारी अभियान चलाया। इस मामले में भी दो लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों के नाम मोहिरुल विश्वास(64) और आबिद परवेज (66) है। एसटीएफ ने गिरफ्तार लोगों के पास से 1.8 किलो हेरोइन बरामद की। लेकिन अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि इतनी बड़ी मात्रा में ड्रग क्यों लाया जा रहा था। पूछताछ के दौरान, गिरफ्तार लोगों ने बताया कि वे ड्रग की डिलीवरी करने के लिए डानकुनी स्टेशन आए थे। लेकिन, जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह किसे दिया जाना था। इतना ही नहीं, जांचकर्ताओं को यह भी पता चला है कि गिरफ्तार किए गए लोग इतनी बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ नागालैंड के दीमापुर से लाए थे। जानकारी के अनुसार, बेलूर जीआरपी और बंगाल एसटीएफ ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत दो मामले दर्ज कर अलग-अलग जांच शुरू कर दी है।

**।। कभी भूला ना पायेंगे।।**



जन्म : 17.06.1944

स्वर्गवास : 10.10.2015

हमारी प्यारी मां! स्व. गीता देवी अग्रवाल
(धर्मपत्नीः स्व. छोटेलालजी अग्रवाल)
आज आपको आपकी **दसवीं पुण्य तिथि** पर
अश्रुपूरित नेत्रों से हमारा भाव भरा नमन्!

**श्रवण अग्रवाल** (पुत्र)
**सज्जन अग्रवाल–निशा, विजय–रीता अग्रवाल** (पुत्र–पुत्रवधू)
**सरोज–किशन गोयनका, शशि–पवन अग्रवाल,**
**प्रभा–लक्खी चांदगोठिया** (पुत्री–दामाद),
**चिराग, विधान** (पौत्र), **विधि, श्रृष्टि** (पौत्री)

**प्रतिष्ठानः**

**SHREE SATABDI TYRE**
32A/7 B.T. Road
kolkata-700002

**GITA KUNJ**
137, Cotton Street,
3rd Floor, Kokata- 700007

### रवींद्र सरोवर में होटल से शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** रवींद्र सरोवर में स्थित एक होटल से शव बरामद हुआ। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक का नाम आर्यभट्ट भवाल है। शव के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पता चला है कि आर्यभट्ट कई दिनों से होटल में ठहरा हुआ था। होटल के कमरे में अक्सर फोन पर झमेला होता था, जिसका होटल स्टाफ को एहसास होता था। बुधवार से कमरे से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही थी। आखिरकार, गुरुवार को होटल स्टाफ ने दरवाजा खोला तो देखा कि आर्यभट्ट भवाल का शव होटल के कमरे में पड़ा है। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव बरामद कर जांच शुरू कर दी है।

**Notice Inviting e-Tender**

Ref E-NIT NO.- 2025_ZPHD_918784_1.

An e-Tender **(Notice-Memo no- 2821, Date: 09.10.2025)** containing one number schemes for construction work under Kalna-II Development Block, Purba Bardhman has been floated amounting to **Rs. 13.10448 lakhs, fund- RIDF XXXI.**

Bid Submission end on :- **10/11/2025 at 11.00 AM.**

Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**

Please look for details in the undersigned office notice board.

**Sd/-**
**Block Development Officer**
**Kalna-II Development Block**
**Singerkone, Purba Bardhaman**

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सियालदह मंडल के तहत औषधि स्टोरों की स्थापना, संचालन तथा रखरखाव के लिए संविदा की सुपुर्दगी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कमरा सं. 44, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 (नीलामी संचालनकारी अधिकारी) द्वारा **सियालदह मंडल के तहत लालगोला, जियागंज, मुर्शिदाबाद, बेलडांगा, पलासी, माझदिया, आड़ंघाटा, फुलिया, कल्याणी घोषपाड़ा, हासनाबाद एवं हड़ोआ रोड रेलवे स्टेशनों में औषधि स्टोरों की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा की सुपुर्दगी हेतु www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी सूचीपत्र प्रकाशित किया गया है। ● **नीलामी सूचीपत्र सं.: एमईडी-एसडीएएच-ओसीटी-25;** ● **नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 24.10.2025 को 13.00 बजे। प्रत्याशित बोलीदाताओं से आगे के विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। (SDAH-223/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत पार्किंग लॉट के संचालन हेतु संविदा की सुपुर्दगी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के निकट, पिन-711101 द्वारा **हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में 03 वर्षों की अवधि के लिए पार्किंग लॉट के संचालन** हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक विवरण एवं ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-नीलामी लीजिंग प्रारूप देखें। **सूचीपत्र सं.:** पीएआरके-एचडब्ल्यूएच-ओसीटी-4, **नीलामी शुरू होने की तारीख/समय:** 22.10.2025 को 14.00 बजे। **क्रमांक एवं लॉट सं.; स्टेशन का नाम:** (1) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-पीडीए-टीडब्ल्यू-14-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); पाण्डुआ। (2) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एमयूयू-टीडब्ल्यू-64-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); मानकुंडु। (3) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-जेओएक्स-टीडब्ल्यू-264-25-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); जनाई रोड। (4) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एएमपी-एमएक्स-टीडब्ल्यू-155-23-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); अहमदपुर। (HWH-340/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सियालदह मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर स्टॉल/आउटलेट**

**'एक स्टेशन एक प्रोडक्ट' योजना के अधीन**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के द्वारा सियालदह मंडल के तहत 113 स्टेशनों पर **"एक स्टेशन एक प्रोडक्ट" योजना** में भागीदारी के लिए देशी उत्पादों से जुड़े व्यक्तियों, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स (एसएचजी), हाशिए पर रहने वाले या समाज के कमजोर वर्गों आदि से मुहरबंद पैकेट (एकल) में और निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **योजना की मुख्य विशेषताएँ:– (1) परियोजना की अवधि:** बिनय बादल दिनेश बाग – 30 दिन दिनांक 28.10.2025 से शुरू। टाला, बराहनगर, तालदी, बीरनगर, तकी रोड–30 दिन दिनांक 29.10.2025 से शुरू। ताहेरपुर, शासनरोड –30 दिन दिनांक 30.10.2025 से शुरू। टालीगंज – 30 दिन दिनांक 31.10.2025 से शुरू। धुबुलिया, अगरपाड़ा, पलता, बानपुर, गोचरण, जगद्दल, टीटागढ़, इच्छापुर, काशीनगर हाल्ट – 30 दिन दिनांक 01.11.2025 से शुरू। संतोषपुर, आकड़ा, कोमागाटा मारू बजबज – 30 दिन दिनांक 02.11.2025 से शुरू। हासनाबाद–30 दिन दिनांक 04.11.2025 से शुरू। दक्षिण दुर्गापुर, नेतड़ा, चाम्पाहाटी, घुटियारी शरीफ, मगराहाट, सोण्डालिया–30 दिन दिनांक 06.11.2025 से शुरू। बनगांव जं., दत्तपुकुर, दक्षिणेश्वर–30 दिन दिनांक 07.11.2025 से शुरू। हृदयपुर, मालतीपुर, भासिला–30 दिन दिनांक 08.11.2025 से शुरू। बहारु, दक्षिण बारासात, बशीरहाट, कल्याणी शिल्पांचल, मदनपुर, काकद्वीप–30 दिन दिनांक 09.11.2025 से शुरू। कल्याणपुर, होटोर, सोनारपुर – 30 दिन दिनांक 10.11.2025 से शुरू। चंपापुकुर, कल्याणी सीमांत – 30 दिन दिनांक 12.11.2025 से शुरू। माझेरग्राम, बाली घाट, ईडन गार्डेन्स, लालगोला, कासिमबाजार–30 दिन दिनांक 13.11.2025 से शुरू। गंगनापुर, बागबाजार, सुर्ज्यपुर, पगलाचंडी, गेदे, कालीनारायणपुर जं., हबीबपुर, न्यू गड़िया– 30 दिन दिनांक 14.11.2025 से शुरू। प्रिंसेपघाट, बिद्याधरपुर, पियाली, चाँदपाड़ा–30 दिन दिनांक 15.11.2025 से शुरू। भगवानगोला, मुड़ागाछा, बेलडांगा, बेथुआडहरी, देबग्राम, रेजीनगर, पलासी, माझदिया, पायराडांगा, बगुला, कांकिनाड़ा–30 दिन दिनांक 16.11.2025 से शुरू। बड़ा बाजार, पातिपुकुर, बसुलडांगा, धपधपी, पालपाड़ा – 30 दिन दिनांक 17.11.2025 से शुरू। शांतिपुर, गुमा, बीरा, बामनगाछी– 30 दिन दिनांक 18.11.2025 से शुरू। बादकुल्ला–30 दिन दिनांक 19.11.2025 से शुरू। गोबरडांगा, ठाकुरनगर, अशोकनगर रोड, न्यू बैरकपुर, दुर्गानगर, बिशरपाड़ा कोदालिया, कालिकापुर–30 दिन दिनांक 20.11.2025 से शुरू। जियागंज, आंड़घाटा, कृष्णनगर सिटी–30 दिन दिनांक 23.11.2025 से शुरू। कृष्णपुर, मुर्शिदाबाद, बहरामपुर कोर्ट, फुलिया, कल्याणी घोषपाड़ा, देउला, धामुया, डायमंड हार्बर, संग्रामपुर, कैनिंग, हाड़ोया रोड, चकदह, मध्यमग्राम, मल्लिकपुर – 30 दिन दिनांक 24.11.2025 से शुरू। कोलकाता– 30 दिन दिनांक 25.11.2025 से शुरू। गोपालनगर 30 दिन दिनांक 26.11.2025 से शुरू। यादबपुर, बालीगंज, बाघायतीन, जयनगर मजिलपुर– 30 दिन दिनांक 27.11.2025 से शुरू। **(2) टोकन पंजीकरण शुल्क:** प्रत्येक स्टॉल हेतु 30 दिनों की आवंटन अवधि के लिए जीएसटी सहित रु.2,000/–मात्र। **(3) आधारभूत संरचना:** (i) स्टॉल/आउटलेट रेलवे द्वारा प्रदान किए जाएंगे। (ii) 15 दिनों के एक चरण के लिए प्रति एक स्टेशन एक प्रोडक्ट आउटलेट हेतु अधिकतम 20 यूनिट बिजली की स्वीकृति पंजीकरण शुल्क में नियमों के अंतर्गत शामिल बुनियादी सुविधा के रूप में दी जाएगी। 20 यूनिट की सीमा से अधिक के बिजली खर्च पर, अतिरिक्त यूनिटों के लिए, वास्तविक आधार पर प्रयोज्य शुल्क लागू रहेगा। **(4) आवेदन जमा किया जाना:** दिनांक 28.10.2025 को 15.00 बजे के अंदर।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, कक्ष सं. 44, डीआरएम कार्यालय, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता–700014** को संबोधित करते हुए कागजात की प्रतिलिपि (जैसा कि ऊपर पात्रता मानदंड में उल्लिखित है) के साथ संगठन के लेटरहेड/सादे सफेद कागज की शीट में आवेदन संबंधित स्टेशनों के स्टेशन मास्टर/स्टेशन प्रबंधक/बुकिंग सुपरवाइजर के कार्यालय में निर्धारित स्थान पर मुहरबंद लिफाफे में जमा किया जाएगा। **एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में:** दिनांक 28.10.2025 को 16.00 बजे ऊपर उल्लिखित स्थान पर खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ निकाला जाएगा। चिह्नित उत्पादों सहित स्टेशनों के नाम, भागीदारी के लिए पात्रता मानदंड, समर्थित कागजात और ईओआई कागजातों के साथ विस्तृत नियम और शर्तों को आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है और इन्हें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के कार्यालय में सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विधानसभा चुनाव : भाजपा तैयारियों में जुटी, भूपेंद्र यादव और विप्लव देब ने जमीनी स्थिति की समीक्षा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा उत्सव समाप्त होने के कुछ ही दिनों बाद भाजपा ने गुरुवार को 2026 के बंगल विधानसभा चुनाव के लिए अपनी जमीनी तैयारी शुरू कर दी तथा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने यहां एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक समीक्षा बैठक की। बता दें कि पार्टी ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों-- यादव एवं देब को राज्य में भाजपा की चुनावी तैयारियों की निगरानी का जिम्मा सौंपा है। दोनों केंद्रीय पर्यवेक्षक बुधवार की रात यहां पहुंचे और गुरुवार को यहां शहर कार्यालय में पार्टी के प्रदेश नेतृत्व और अग्रिम संगठन प्रमुखों के साथ




एक विस्तारित सत्र की अध्यक्षता की। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में बूथ स्तर पर भाजपा की संगठनात्मक ताकत का आकलन करने, कमजोर कड़ियों की पहचान करने और 2026 के चुनाव के लिए प्रारंभिक रोडमैप तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। एक वरिष्ठ भाजपा अधिकारी ने कहा कि यह हमारे संगठनात्मक ढांचे और तैयारियों की एक व्यापक समीक्षा थी। केंद्रीय पर्यवेक्षक इस बात की एक यथार्थवादी तस्वीर चाहते हैं कि पहुंच और दक्षता, दोनों के संदर्भ में हम कहां खड़े हैं।

इस बैठक में प्रदेश पार्टी अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य, विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी, पूर्व प्रदेश पार्टी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और कई अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि चर्चा में निर्वाचन आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर भी चर्चा हुई। भाजपा नेतृत्व ने अपने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहने का निर्देश दिया है। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि एसआईआर बेहद जरूरी है। हमारे कार्यकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि असली मतदाता छूट न जाएं और यह प्रक्रिया पारदर्शी हो। पार्टी सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व ने उम्मीदवारों के चयन और निर्वाचन क्षेत्र संबंधी तैयारी के लिए प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन अंतिम निर्णय चुनाव के करीब आने पर ही लिये जायेंगे। सूत्र ने कहा कि संभावित उम्मीदवारों की एक मसौदा सूची तैयार की जा रही है, लेकिन यह अभी अंतिम नहीं है। फिलहाल ध्यान संगठन में जान फूंकने पर केंद्रित पर है।

## प्राइमरी टीईटी भर्ती अधिसूचना पर विवाद, असफल अभ्यर्थियों ने किया हाई कोर्ट का रुख

**कोलकाता, समाज्ञा**

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के असफल अभ्यर्थियों ने प्राथमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाल ही में जारी नई भर्ती अधिसूचना को कलकत्ता उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। उनका सवाल है कि जब 'गलत प्रश्न' से जुड़ा मामला अब भी न्यायालय में लंबित है, तब भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की क्या आवश्यकता थी। गुरुवार को न्यायमूर्ति ओम नारायण राय ने इस मामले में याचिका दाखिल करने की अनुमति दे दी। अब इस पर अगली सुनवाई अगले सप्ताह होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा परिषद ने प्राइमरी शिक्षकों की भर्ती संबंधी अधिसूचना जारी की थी और कहा था कि पूजा पर्व समाप्त होते ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसी के खिलाफ 2017 और 2022 के टीईटी परीक्षाओं में असफल रहे अभ्यर्थी अदालत की शरण में पहुंचे हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 2017 और 2022 की टीईटी परीक्षाओं में कुल 47 प्रश्नों के गलत उत्तरों को लेकर पहले ही मामला दायर किया गया था, जो अब भी विचाराधीन है। न्यायालय ने इस मामले के समाधान के लिए प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय, जादवपुर विश्वविद्यालय और प्राथमिक शिक्षा परिषद के प्रतिनिधियों की एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश दिया था। अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक उक्त मामले का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक नई भर्ती प्रक्रिया रोकी जाए और न्यायिक निर्णय के बाद ही पात्रता तय की जाए।

## त्रिपुरा में पार्टी नेताओं और समर्थकों पर बार-बार हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे : टीएमएसी

**अगरतला/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को अगरतला स्थित राजभवन में अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने राज्य मुख्यालय में हाल ही में हुई तोड़फोड़ के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। पश्चिम बंगाल के वन एवं उपभोक्ता मामलों की राज्य मंत्री बीरबाहा हांसदा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में सांसद सुष्मिता देव, सायोनी घोष और प्रतिमा मंडल के साथ-साथ टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष और युवा नेता सुदीप राहा शामिल थे।

इससे पहले, टीम ने भाजपा समर्थकों द्वारा टीएमसी कार्यालय पर कथित हमले के संबंध में एनसीसी



पुलिस स्टेशन में एक जीरो एफआईआर दर्ज कराई थी। टीम राज्यपाल एन. इंद्रसेन रेड्डी नल्लू से नहीं मिल पाई, फिर भी उन्होंने अपना ज्ञापन उनके सचिव यूके चकमा को सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए टीएमसी नेता कुणाल घोष ने तत्काल कानूनी कार्रवाई की पार्टी की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि हमें न्याय चाहिए। अगर सरकार कार्रवाई नहीं करती है तो टीएमसी राज्यव्यापी राजनीतिक आंदोलन शुरू करेगी। त्रिपुरा में हमारे नेताओं और समर्थकों पर बार-बार हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

## नैहाटी स्टेशन पर 77 किलो गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मुख्य शाखा के नैहाटी स्टेशन पर गुरुवार को प्लेटफार्म नंबर 3 से लगभग 77 किलो गांजा बरामद किया गया। जीआरपी ने इस घटना में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, इस दिन, डाउन रामपुरहाट लोकल से चार लोग नैहाटी स्टेशन आए थे। उनमें से प्रत्येक के हाथ में कई पर्यटक बैग थे। ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ और जीआरपी जवानों का उनका व्यवहार संदिग्ध लगा।

इसके बाद, जैसे ही तलाशी शुरू हुई, उनमें से एक ने भागने की कोशिश की। जीआरपी ने तुरंत चारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में एक के बाद एक बैग में भारी मात्रा में गांजा मिला। बरामद गांजे का कुल वजन 77 किलो था।



पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार सभी चार लोग न्यू बैरकपुर के निवासी हैं।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उनमें से दो एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह में शामिल हैं। जीआरपी का माननाहै कि नदिया जिले में इतनी बड़ी मात्रा में गांजा की तस्करी करने की योजना थी। हालांकि, गिरफ्तार लोगों से पूछताछ जारी है ताकि पता लगाया जा सके कि यह ड्रग रैकेट कहां तकफैला है और इसके पीछे कौन है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आसनसोल मंडल ने चलाया स्वच्छ आहार अभियान, स्टेशन और खानपान की सफाई सुनिश्चित

**आसनसोल :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 और स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत 'स्वच्छ आहार' अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य रेलवे स्टेशन परिसर में खानपान इकाइयों की स्वच्छता, सुरक्षित भोजन प्रथाओं को बढ़ावा देना और आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखना था। बराकर रेलवे स्टेशन पर चाय स्टॉलों की गहन सफाई की गई और विक्रेताओं के स्वास्थ्य परीक्षण तथा खाद्य सामग्री का निरीक्षण किया गया। रानीगंज, मधुपुर, जसीडीह, पानागढ़ और बासुकिनाथ स्टेशनों पर भी इसी तरह के अभियान चलाए गए, जहां खाद्य स्टॉलों की सफाई, विक्रेताओं के चिकित्सीय प्रमाणपत्रों की जांच और स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित किया गया। आसनसोल स्टेशन पर ईएनएचएम विभागीय अधिकारियों ने फूड स्टॉल, रिफ्रेशमेंट रूम और फूड प्लाजा का निरीक्षण किया। इसके साथ ही, बर्तनों की सफाई, विक्रेताओं के स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और परिसर की समग्र स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने मंडलीय रेलवे अस्पताल के रसोईघर का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। सीतारामपुर स्टेशन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडल के रनिंग रूमों में भी गहन सफाई अभियान चलाया गया और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई।

## सियालदह मंडल ने स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के तहत स्वच्छ आहार अभियान चलाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने स्वच्छ आहार अभियान के तहत रेलवे कैंटीन, फूड स्टॉल और आसपास के परिसर में विशेष स्वच्छता और हाइजीन ड्राइव आयोजित की। इसका उद्देश्य यात्रियों और कर्मचारियों के लिए सुरक्षित और स्वास्थ्यकर भोजन सुनिश्चित करना है। 9 अक्टूबर को एनवायरनमेंट एंड हाउसकीपिंग मैनेजमेंट विभाग ने कार्यस्थलों और आवासीय परिसरों में फोकस्ड स्वच्छता अभियान चलाया। सियालदह, बारासात, सोनारपुर, बैरकपुर, सियालदह साउथ, विधाननगर रोड, दमदम जंक्शन, कोलकाता, राणाघाट और बनगांव स्टेशनों में कैंटीन और फूड स्टॉल की गहन सफाई की गई। साथ ही, बर्तनों की सफाई, कचरा प्रबंधन और समग्र स्वच्छता पर विशेष निगरानी रखी गई। फूड वेंडर, रसोइये और कैटरिंग स्टाफ को मेडिकल चेक-अप और हाइजीन जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल किया गया। उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता, सुरक्षित भोजन प्रबंधन और कार्यस्थल स्वच्छता के महत्व के प्रति संवेदनशील किया गया।

## हावड़ा मंडल ने मनाया शताब्दी वर्ष, अमृत संवाद में रखी स्मार्ट, स्वच्छ और यात्री-केंद्रित रेलवे की दृष्टि

❑ **सुरक्षा, आधुनिकीकरण और हरित विकास की दिशा में ठोस कदम**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने अपने शताब्दी वर्ष के अवसर पर 8 अक्टूबर को अमृत संवाद का आयोजन किया, जिसमें यात्री संघों, नागरिक प्रतिनिधियों, रेलवे कर्मचारियों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। इस संवाद का उद्देश्य यात्री अनुभव को बेहतर बनाना, समयपालन, स्वच्छता और सहभागी शासन को सशक्त करना था, जो विकसित भारत 2047 की दृष्टि से जुड़ा हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान हावड़ा मंडल के डीआरएम विशाल कपूर ने कहा कि अमृत संवाद लोगों और प्रणाली के बीच एक निरंतर वार्ता है, जहां यात्री और कर्मचारी मिलकर बेहतर रेलवे का निर्माण करते हैं। उन्होंने हावड़ा को सिर्फ एक टर्मिनस नहीं, बल्कि भारत की प्रगति का प्रतीक बताया। 1925 में स्थापित हावड़ा मंडल भारतीय रेल के सबसे पुराने और व्यस्ततम मंडलों में से एक है। वर्ष 2025 की पहली छमाही में मंडल ने उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज कीं- 204.99 मिलियन यात्रियों की ढुलाई (7.46% वृद्धि), 809.69 करोड़ का यात्री राजस्व (5.42% वृद्धि) और टिकट जांच से 205.50 करोड़ की आय (49.5% वृद्धि) हुई। कुल राजस्व 2,325 करोड़ तक पहुंचा।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हावड़ा मंडल के 14 स्टेशनों - बाली, शेवड़ाफुली, चंदननगर, तारकेश्वर, डानकुनी, वर्दवान, बोलपुर, सैंथिया, रामपुरहाट, आजीमगंज, कटवा, नवद्वीप धाम, अंबिका कालना और खगराघाट रोड - का पुनर्विकास किया जा रहा है। डीआरएम ने बताया कि इन स्टेशनों पर आधुनिक लाउंज, एस्केलेटर, ग्रीन बिल्डिंग, यूनिफाइड साइनेज, सीसीटीवी और वन स्टेशन वन प्रोडक्ट जैसी सुविधाएं विकसित होंगी।

डीआरएम कपूर ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर स्टेशन को शहर का गौरव बनाना है। उन्होंने बताया कि मंडल यात्री संघों से निरंतर संवाद कर रहा है और भीड़ प्रबंधन, समयपालन व फ्रेट-पैसेंजर सेवाओं के समन्वय पर विशेष ध्यान दे रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि हावड़ा स्टेशन को आईजीबीसी प्लेटिनम सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है, जो सतत और जिम्मेदार कार्यशैली का प्रतीक है। रेलवे कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, हावड़ा मंडल की असली ताकत उसके लोग हैं - वह गैंगमैन जो बारिश में चलता है, वह ड्राइवर जो धुंध में ट्रेन चलाता है और वह कर्मचारी जो चुपचाप सेवा करता है। अंत में श्री कपूर ने कहा कि हावड़ा मंडल के अगले सौ वर्ष परिचालन उत्कृष्टता, मानव उत्कृष्टता और नागरिक उत्कृष्टता के तीन स्तंभों पर आधारित होंगे।

# एआई को रिप्लेस कर सकता है सीए : रंजीत अग्रवाल

❑ **सीए गौरव सम्मान समारोह – 2025 भव्यता और गरिमा के साथ सम्पन्न**

❑ **171 नवोदित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स हुए सम्मानित**

**कोलकाता :** हम वर्तमान में कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के दौर में जी रहे हैं। आज का दौर एआई का दौर है। लेकिन याद रखिए एआई सीए को रिप्लेस नहीं कर सकता है। हाँ, अपनी बुद्धिमता से एक सीए एआई को रिप्लेस कर सकता है। यह कहना है इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष सीए रंजीत कुमार अग्रवाल का। अग्रवाल शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में विगत चार दशकों से सतत सक्रिय समर्पण ट्रस्ट द्वारा आयोजितसीए गौरव सम्मान समारोह – 2025 बतैर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि




140 करोड़ की आबादी वाले भारत देश में मात्र 4 लाख 93 हजार सीए का होना, इस पेशे की विशिष्टता व गरिमा का परिचायक है।

भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं दूरदर्शी विचारक सुरेश प्रभु ने इस समारोह का उद्घाटन किया। प्रभु ने कहा कि वित्तीय सुशासन और पारदर्शिता किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है, और सीए समुदाय इस दिशा का अदृश्य मार्गदर्शक है।

विशिष्ट अतिथियों में ईआईआरसी के चेयरमैन सीए विष्णु तुलस्यान एवं प्रख्यात उद्योगपति डा. अक्षय बिंजराजका उपस्थित रहे। समर्पण ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रदीप ढेडिया ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि यह आयोजन हमारे युवाओं के आत्मबल को प्रोत्साहित करने का एक विनम्र प्रयास है।

इस समारोह में वर्ष 2025 की चार्टर्ड अकाउंटेंसी परीक्षा के दोनों ग्रुपों में उत्तीर्ण 171 मेधावी परीक्षार्थियों को समर्पण ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया। इन नवोदित सीए युवाओं कोप्रतीक चिन्ह एवं उपहार प्रदान कर उन्हें भविष्य की आर्थिक यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

समारोह का संचालन महावीप प्रसाद रावत ने किया। कार्यक्रम का माडरेशन एफसीए रश्मि बिहानी ने अत्यंत प्रभावशाली व भावनात्मक शैली में किया।

कार्यक्रम व्यवस्थाओं का सफल नेतृत्व स्वागत समिति के अध्यक्ष आर. एन. रूस्तगी द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन पंकज भालोटिया ने किया।

कार्यक्रम में राजेंद्र खंडेलवाल, अभिषेक गुप्ता, सांवर धनानिया, संजीव सांघी, हरिराम अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, राजेंद्र रामपुरिया, रवि चौधरी, एसएस गुप्ता, प्रेम टिबरेवाल, आशीष अग्रवाल, संजय गोयनका, काशी खण्डेलवाल, पुरूषोत्तम तिवारी, नीलिमा जोशी, महादेव अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, विमल बेंगानी, सुशील चौधीरी, प्रदीप संघाई, प्रदीप गुप्ता, प्रदीप मस्करा, संतोष लाहोटी, डा. जयप्रकाश मिश्र, अभिषेक डोकानिया, संजय जैन, मनीष बजाज, पवन खेतान, विशाल केडिया, बिनोद डिडवानिया, संजय रूंगटा, अमन ढेडिया, महेंद्र अग्रवाल, राहुल एवं आयुष भालोटिया समेत कई गणमाननीय व्यक्ति उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### अकासा एयर ने कैफे अकासा मेन्यू को नया रूप दिया, ग्लोबल फ्लेवर्स और हेल्दी इनोवेशन पर फोकस

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती एयरलाइन अकासा एयर ने अपने इन-फ्लाइट डाइनिंग सर्विस कैफे अकासा के मेन्यू को तीसरी बार नया रूप दिया है। नया मेन्यू आधुनिक यात्रियों की पसंद और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें ग्लोबल फ्यूजन फ्लेवर्स, हेल्दी विकल्प और इंडस्ट्री में पहली बार पेश किए गए इनोवेशन शामिल हैं। लगभग 45 नए भोजन विकल्पों वाले इस मेन्यू में ऑल-डे डाइनिंग, प्रोटीन युक्त भोजन, सुपरफूड-इंस्पायर्ड डिशेज़ और गॉरमेट प्लेटर्स का अनोखा मिश्रण है। अकासा एयर के सीएमओ नारायण टी. वी. ने बताया कि यह नया मेन्यू एयरलाइन की ग्राहक-प्रथम सोच और सतत नवाचार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मेन्यू में जैन, शाकाहारी और मांसाहारी यात्रियों के लिए समावेशी विकल्प दिए गए हैं। सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देते हुए सभी पैकेजिंग 100% रीसा-इक्लेबल पेपर से बनाई गई है। नया कैफ़े अकासा मेन्यू अब एयरलाइन के पूरे नेटवर्क पर उपलब्ध है, और यात्री इसे वेबसाइट या मोबाइल ऐप के ज़रिए प्री-बुक कर सकते हैं।

### अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में 'जीएसटी बचत उत्सव' से ग्राहकों को मिला 100 करोड़ का लाभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** जारी अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के तहत ग्रेट सेविंग्स सेलिब्रेशन 'जीएसटी बचत उत्सव' देशभर में ग्राहकों और विक्रेताओं के लिए बड़ी खुशी लेकर आया है। इस पहल के जरिए अमेजन पर विक्रेताओं ने उपकरणों, फैशन और आवश्यक वस्तुओं सहित विभिन्न श्रेणियों में ग्राहकों को 100 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी बचत का लाभ पहुंचाया है। फेस्टिवल की शुरुआत शानदार रही, जहां पहले दिन ही 40% ऑर्डर उसी दिन या अगले दिन डिलीवर किए गए। शुरुआती 72 घंटों में भारत के 100% सेवा योग्य पिन कोड्स से ग्राहकों ने ऑर्डर दिए, जिससे त्योहारी खरीदारी का उत्साह देशभर में फैला। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि विक्रेताओं को नई जीएसटी दरों पर सुगम बदलाव में मदद दी गई है ताकि वे ग्राहकों तक अधिकतम बचत पहुंचा सकें। उन्होंने बताया कि अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल दिवाली तक चलेगा, जिससे ग्राहक किफायती दामों, तेज डिलीवरी और शानदार डील्स का आनंद ले सकेंगे।

### कोटक ने लॉन्च की कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ

**कोलकाता :** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी) ने कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ (फंड ऑफ फंड) लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड स्कीम है जो कोटक गोल्ड ईटीएफ और कोटक सिल्वर ईटीएफ में निवेश करेगी। इस इन-ोवेटिव फंड का उद्देश्य निवेशकों को सोना और चांदी-दोनों में एक्सपोज़र प्रदान कर लंबी अवधि में पूंजी में वृद्धि का अवसर देता है। यह स्कीम आम लोगों के निवेश के लिए 6 अक्टूबर 2025 को खुलेगी और 20 अक्टूबर 2025 को बंद होगी। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक निलेश शाह ने कहा, एसेट अलोकेशन वैसा ही है जैसे हर पिच के लिए सही खिलाड़ियों का चुनाव करना। सोना और चांदी हमेशा से पोर्टफोलियो के ऑलराउंडर रहे हैं, खासकर जब बाज़ार अस्थिर हो।

### ओंकारा एआरसी ने विंड वर्ल्ड इंडिया का 3,763 करोड़ रुपये का ऋण अधिग्रहित किया

**कोलकाता :** आरियन ग्रुप की सिस्टर कंपनी ओंकारा एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (ओंकारा एआरसी) ने नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) से विंड वर्ल्ड इंडिया लिमिटेड (डब्ल्यूडब्ल्यूआईएल) का 3,763 करोड़ रुपये का ऋण सफलतापूर्वक अधिग्रहित कर लिया है। इस अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए, आरियन ग्रुप के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक, मनीष लालवानी ने कहा, यह अधिग्रहण महज़ एक रणनीतिक निवेश से कहीं अधिक है; यह जटिल, उच्च-प्रभाव वाली संपत्तियों के समाधान के माध्यम से भारत के आर्थिक पुनरुद्धार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि है।

## न्यूज अपडेट

### पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में स्वच्छ आहार दिवस पर विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा और स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत गुरुवार को स्वच्छ आहार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता, स्वास्थ्यकर भोजन और सुरक्षित खानपान प्रथाओं को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर में स्थित कैंटीन, फूड स्टॉल और कैटरिंग इकाइयों की गहन सफाई की गई। इसमें बर्तनों की धुलाई, कचरे का पृथक्करण और उचित निस्तारण जैसी गतिविधियां शामिल थीं। स्टेशन पर कार्यरत भोजन विक्रेताओं, रसोइयों और परिचारकों को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें स्वास्थ्य जांच कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही, कचरे के पृथक्करण को बढ़ावा देने के लिए सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रखने हेतु डस्टबिन उपलब्ध कराए गए। इस पहल के माध्यम से हावड़ा मंडल ने यात्रियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और स्वास्थ्यकर खाद्य सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा एक स्वच्छ और टिकाऊ रेलवे वातावरण के निर्माण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

### मालदह मंडल की आरपीएफ ने धरहरा स्टेशन पर मोबाइल चोरी के दो आरोपी किए गिरफ्तार




**मालदह :** मालदह मंडल के अंतर्गत आरपीएफ पोस्ट जमालपुर ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए धरहरा रेलवे स्टेशन पर यात्री का मोबाइल फोन चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी किया गया मोबाइल, जिसकी कीमत लगभग 10 हजार है, बरामद कर लिया गया। यह घटना 7 अक्टूबर की है, जब धरहरा रेलवे स्टेशन पर एक यात्री का मोबाइल छीनने की सूचना प्राप्त हुई। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय पूछताछ के आधार पर आरपीएफ की एक विशेष टीम ने 8 अक्टूबर को एलसी गेट नंबर-19 के पास छापेमारी की। इस दौरान एक आरोपी को पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में अपने साथी का नाम बताया। इसके बाद दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों ने अपराध कबूल करते हुए बताया कि उन्होंने यह कृत्य नशे की हालत में किया था। गिरफ्तार आरोपियों और बरामद मोबाइल को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपीएस जमालपुर को सौंप दिया गया। यह कार्रवाई मालदह मंडल की आरपीएफ की सतर्कता, त्वरित प्रतिक्रिया और यात्री सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### मेट्रो रेलवे ने स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत चलाया विशेष स्वच्छता अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे ने स्पेशल कैंपेन 5.0 के अंतर्गत गुरुवार को विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य स्टेशनों, ट्रेनों, सुरंगों, कारशेड क्षेत्रों और अन्य मेट्रो परिसरों में गहन सफाई और सैनिटाइजेशन सुनिश्चित करना था। अभियान में मेट्रो के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे। कर्मचारियों और यात्रियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए दमदम स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया गया। यात्रियों से अपील की गई कि वे मेट्रो परिसर में स्वच्छता बनाए रखें, कचरा फैलाने से बचें और स्टेशनों पर उपलब्ध डस्टबिन का उपयोग करें। मेट्रो प्रशासन ने यह भी बताया कि नियम तोड़ने वालों की पहचान सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जाएगी और उन पर 500 का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा, पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए यात्रियों को नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने के लिए सूचित किया जा रहा है।

### हावड़ा मैदान मेट्रो स्टेशन पर दो नए एएफसी-पीसी गेट स्थापित, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मैदान मेट्रो स्टेशन पर गुरुवार को बुकिंग काउंटर के पास दो नए एएफसी-पीसी गेट स्थापित किए गए हैं। इन गेट्स के जरिए ग्रीन लाइन के यात्री सीधे पेड एरिया से अनपेड एरिया में निकल सकेंगे, जिससे भीड़-भाड़ कम होगी और यात्रियों का प्रवाह सुचारू रहेगा। इन दो नए गेट्स के जोड़ने के बाद हावड़ा मैदान मेट्रो स्टेशन पर अब कुल 10 स्मार्ट गेट्स हैं। इनमें से 2 गेट केवल एंट्री के लिए, 3 केवल एग्जिट के लिए और 5 द्वि-दिशात्मक गेट हैं, जो टोकन, स्मार्ट कार्ड और क्यूआर कोड आधारित टिकटों के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए हैं। इन पांच द्वि-दिशात्मक गेट्स में से तीन विशेष रूप से व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं के लिए आरक्षित हैं। ये आधुनिक गेट प्रति मिनट 45 यात्रियों को संभाल सकते हैं। यात्रियों को अपने मेट्रो टोकन या स्मार्ट कार्ड को गेट पर पंच करना होगा। गेट में क्यूआर कोड स्कैनर भी लगे हैं, जिससे क्यूआर कोड आधारित टोकन वाले यात्री आसानी से एंट्री और एग्जिट कर सकेंगे। इसके साथ ही मेट्रो प्रशासन द्वारा यात्रियों को डिजिटल टिकटिंग के इस्तेमाल के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है।

### देशभर में विस्तार की दिशा में बढ़ा तीन पीढ़ियों से घर-घर का भरोसेमंद नाम 'अन्नपूर्णा घी'

**कोलकाता :** पिछली तीन से अधिक पीढ़ियों से, अन्नपूर्णा घी सिर्फ़ रसोई का ज़रूरी हिस्सा नहीं रहा है, बल्कि यह शुद्धता, पोषण और परंपरा का प्रतीक बना हुआ है। रोज़मर्रा के भोजन से लेकर त्योहारों के अवसर तक, इसकी गाढ़ी खुशबू, दानेदार बनावट और असली स्वाद ने समय की कसौटी पर खरा उतरते हुए इसे पूरे भारत में घर-घर का भरोसेमंद नाम बना दिया है। यह विरासत केवल डेयरी उत्पादों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परिवारों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाई जाने वाली परंपरा है, जो अपनी स्थायी गुणवत्ता से पीढ़ियों को जोड़ती है। 70 वर्षों से अधिक की घी बनाने की परंपरा और पूर्वोत्तर भारत के सबसे मज़बूत तथा सर्वाधिक बिकने वाले ब्रांड होने के नाते, अन्नपूर्णा समूह को विश्वास है कि यह श्रेणी उनके विकास का प्रमुख आधार बनेगी। कंपनी अब अपने मौजूदा बाज़ार यानि पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में अपनी पकड़ और मजबूत करने के साथ-साथ रणनीतिक रूप से उत्तर भारत में कदम रख रही है और धीरे-धीरे पूरे भारत में विस्तार की दिशा में अग्रसर है।

# एसआईआर समाप्त होने के 3 महीने के भीतर बंगाल में चुनाव, प्रशासन को तैयार रहने का निर्देश

❑ **बंगाल में 2 नवंबर से एसआईआर, अधिकारियों को जिलेवार रिपोर्ट जल्द जमा करने के निर्देश**

❑ **कोलाघाट में चुनाव आयुक्त के अधिकारियों ने बीएलओ के साथ की बैठक**

**पूर्व मेदिनीपुर :** बंगाल में भी एक तरह से चुनावी बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग के अनुसार, पश्चिम बंगाल में 2 नवंबर से एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) शुरू हो सकता है। आयोग ने गुरुवार को कोलाघाट के बलाका भवन में पूर्व मेदिनीपुर, बांकुड़ा और झाड़ग्राम जिलों के बीएलओ और ईआरओ-एईआरओ के साथ एक अहम बैठक में उक्त संकेत दिए। सूत्रों के अनुसार, आयोग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण से पहले हर जिले में तैयारियों की जांच की जाए। कहीं कोई कमी न रह जाए। सिर्फ 'कागज़ी तैयारियां' नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर वास्तविक सत्यापन जरूरी है। आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक बनाना है। सभी अधिकारियों को निर्धारित समय के भीतर काम पूरा करना होगा। अगर कोई गड़बड़ी पाई जाती है, तो जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। सूत्रों के अनुसार, आयोग आने वाले दिनों में प्रत्येक जिले के बीएलओ के साथ अलग-अलग



बैठकें करने की योजना बना रहा है। जिलेवार रिपोर्ट जल्द ही मांगी गई है। राज्य प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि आयोग की ओर से स्पष्ट निर्देश आ गए हैं। सभी को सतर्क रहने को कहा गया है। संक्षेप में, आयोग ने चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। नवंबर से पूरे राज्य में मतदाता सूचियों का सत्यापन करने का स्पष्ट संदेश दिए गए है, इस बार लापरवाही पर कोई रियायत नहीं होगी। केंद्रीय टीम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी बड़ी चूक पर संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। बैठक में चुनाव आयोग की महानिदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) सीमा खन्ना ने भी भाग लिया। उन्होंने बूथ स्तर के अधिकारियों को अपने कार्यों में अधिकाधिक तकनीक का उपयोग करने पर जोर दिया। सीमा खन्ना ने कहा कि आयोग द्वारा जारी किए गए मोबाइल एप्स का इस्तेमाल पुनरीक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने में सहायक होगा।

इसके अलावा, केंद्रीय टीम ने एसआईआर से संबंधित सभी अभिलेखों को डिजिटल प्रारूप में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए ताकि दस्तावेजों के खोने या गुम होने की स्थिति में किसी प्रकार की जटिलता न उत्पन्न हो।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्य में 8,000 से अधिक शिक्षा कर्मियों की भर्ती के लिए परीक्षा फरवरी में होगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने त्योहारी सीजन के बीच राज्य के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षण कर्मचारियों के रिक्त पदों पर भर्ती अभियान शुरू कर दिया है। स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने गुरुवार को एक अधिसूचना जारी कर बताया कि कुल 8,477 शिक्षण कर्मचारियों के रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन 3 नवंबर से शुरू होंगे और 3 दिसंबर तक आ-वेदन किए जा सकेंगे। परीक्षा फरवरी 2026 में आयोजित की जाएगी। एसएससी अधिसूचना में उल्लेख किया गया है कि ग्रुप-सी (लिपिक) पदों के लिए 2,989 रिक्तियां और ग्रुप-डी पदों के लिए 5,488 रिक्तियां हैं। चूंकि, आवेदन ऑनलाइन करना होगा, इसलिए शुल्क भी ऑनलाइन जमा करना होगा। ग्रुप-सी पदों के लिए सामान्य और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 400 रुपये और एससी और एसटी उम्मीदवारों के लिए शुल्क 150 रुपये होगा। ग्रुप-डी पदों के लिए आवेदन करने का शुल्क भी वही रहेगा। हालांकि, अधिसूचना स्पष्ट करती है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार 4,800 अयोग्य शिक्षाकर्मी इस नई भर्ती के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एनबीबीएल के 'बैंकिंग कनेक्ट' प्लेटफॉर्म के साथ इंटिग्रेशन की पहल की

**कोलकाता :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एक और इंडस्ट्री-फर्स्ट उपलब्धि हासिल की है। बैंक ने एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड (एनबीबीएल) के 'बैंकिंग कनेक्ट' प्लेटफॉर्म पर लाइव होने वाला पहला बैंक बनकर इतिहास रच दिया है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा: एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में, हम उद्देश्यपूर्ण इनोवेशन और कोलोबरेशन के माध्यम से भारत के डिजिटल बैंकिंग इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं। एनबीबीएल के बैंकिंग कनेक्ट प्लेटफॉर्म के साथ हमारा इंटिग्रेशन इसी विजन को दर्शाता है - जो दक्षता को बढ़ाता है, सुरक्षा को मजबूत करता है और डिजिटल पेमेंट इंडस्ट्री में अनुभव का स्टैंडर्ड्स स्थापित करता है।

### सालबनी में सड़क दुर्घटना, 25 घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के सालबनी इलाके में गुरुवार की दोपहर एक बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर में करीब 25 लोग घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि ज्यादातर घायलों की स्थिति स्थिर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे की वजह बस और ट्रक की अत्यधिक रफ्तार थी। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर में एक यात्री बस मेदिनीपुर से बांकुड़ा के सारेंगा की ओर जा रही थी। बस जब भादुटोला पार कर चिंगड़िशोल इलाके में पहुंची, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहा एक ट्रक नियंत्रण खो बैठा। ट्रक पहले सड़क किनारे बने गार्डवाल से टकराया और फिर बस से भिड़ गया। इसके बाद, दोनों वाहन पास के एक पेड़ से जा टकराए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के शीशे चकनाचूर हो गए और ट्रक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ। बस में सवार सभी यात्री कमोबेश घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को निकालकर अस्पताल भेजा।

### बंदूक साफ करते समय चली गोली, युवक घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले बिष्णुपुर थाना अंतर्गत पाम विलेज में सुजय नस्कर नामक एक युवक अपने ही घर में बंदूक साफ करते समय अचानक गोली लगने से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को सुजय नस्कर अपने घर में बंदूक की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान गोली फटकर उनके शरीर में लगी। गंभीर हालत में उन्हें तुरंत बजबज ईएसआई अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुझाव के अनुसार, सुजय नस्कर ने पुलिस को बताया कि उनके पास बंदूक का वैध लाइसेंस है। हालांकि, पुलिस अब यह पता लगाने में लगी है कि यह हादसा सिर्फ नासमझी की वजह से हुआ या इसके पीछे कोई अन्य वजह हो सकती है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है और घटना की हर पहलू से जांच कर रही है।

## 'वे पत्थरों से सिर कुचलकर मुझे और भाजपा विधायक को मार डालते', हमले के बाद पहली बार बोले खगेन मुर्मू

**सिलीगुड़ी :** भाजपा सांसद खगेन मुर्मू ने जलपाईगुड़ी जिले के नागरकाटा क्षेत्र में हुए हमले पर तीन दिन बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि हमलावरों का इरादा उनकी और भाजपा विधायक शंकर घोष की हत्या करने का था। सिलीगुड़ी के एक निजी अस्पताल में उपचाररत मुर्मू ने कहा कि हम दोनों (भाजपा विधायक शंकर घोष को भी) को एक साथ मारने की योजना बनाई गई थी। उन्होंने हमें गाड़ी से बाहर घसीटने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। अगर वे हमें बाहर निकाल लेते, तो पत्थरों से सिर कुचलकर हमें मार डालते। उल्लेखनीय है कि गत सोमवार को भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष नागरकाटा के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरण के दौरान तृणमूल से जुड़े लोगों के एक समूह ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने डंडों, जूतों से प्रहार किया और नदी किनारे से पत्थर उठाकर उनकी गाड़ी पर फेंके। इस हमले में सांसद मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दोनों नेताओं को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### भाजपा सांसद-विधायक पर हमला मामले में तीन और गिरफ्तार, अब तक पांच गिरफ्तार



भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर हमले के मामले में नागराकाटा पुलिस ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम एतोया उरांव है। इस संबंध में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गुरुवार को कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। हमले के वीडियो की जांच के बाद गिरफ्तार व्यक्ति को सुलकापाड़ा के खैरबारी इलाके से गिरफ्तार किया गया। बता दें कि इससे पहले पुलिस ने उक्त मामले में बुधवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों के नाम एकरामुल हक और गोविंदा शर्मा है। वहीं, गुरुवार की सुबह भी दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके नाम शाहनूर आलम और तोफैल हुसैन है। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपितों को जलपाईगुड़ी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। न्यायाधीश ने उन्हें तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। एतोया उरांव को आज अदालत में पेश किया जाएगा।

## हावड़ा के आमता में लक्ष्मी पूजा विसर्जन को लेकर दो क्लबों में झड़प, 12 घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के आमता के खालना इलाके में बुधवार शाम लक्ष्मी पूजा विसर्जन को लेकर दो क्लबों के बीच विवाद और झड़प की घटना सामने आई। इस झड़प में दोनों पक्षों के कुल 12 लोग घायल हो गए। घटना के कारण खालना-बागनान रोड लगभग दो घंटे तक प्रभावित रही, जिससे सड़क पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रण में लाने का प्रयास किया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जयपुर खालना क्षेत्र में लक्ष्मी पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान दक्षिण खालना माजपाड़ा कालीमाता क्लब के कुछ युवक अचानक जुलूस में घुसकर महिलाओं के बीच नाचने लगे। आरोप है कि उन्होंने कई महिलाओं के साथ अशोभनीय व्यवहार किया और नशे में अश्लील हरकतें कीं। जब उन्हें रोकने की कोशिश की गई, तो उन्होंने हमला कर दिया और ईंट-पत्थर भी फेंके, जिससे कई लोग घायल हुए। पुलिस को सूचना देने के बावजूद तत्काल कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया।

गुरुवार सुबह वही युवक 10 मोटरसाइकिलों पर लाठी और विकेट लेकर दोबारा हमला करने पहुंचे। इसके बाद दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए और सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। हालांकि, दक्षिण खालना माजपाड़ा कालीमाता क्लब के सदस्य नव साना ने इन सभी आरोपों को खारिज किया है। फिलहाल इलाके में तनाव बरकरार है और पुलिस स्थिति पर नजर रखे हुए है।

## सोनागाछी में दो लोगों को धमकाकर बड़ी रकम लूट, चार योन कर्मी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़तला थाना अंतर्गत शोभाबाजार के सोनागाछी इलाके में दो अलग-अलग घटनाओं में, डरा-धमका कर दो लोगों से बड़ी रकम लूटने के आरोप में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम ईशा देव, स्वीटी बेगम, शरबानी धर और मोयना हलदर हैं। पता चला है कि गिरफ्तार चारों महिलाएं पेशे से सेक्स वर्कर हैं। पुलिस इस बात की जांच की जा रही है कि यह घटना सिर्फ डराने-धमकाने के कारण हुई या इसके पीछे कोई और गिरोह काम कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, पहली घटना में, बुधवार को पुणे के एक व्यापारी को बहला-फुसलाकर सोनागाछी लाया गया। वहां आरोपी दो महिलाओं, ईशा देव और स्वीटी बेगम ने कथित तौर पर उसे तरह-तरह से धमकाया। इतना ही नहीं, उन्होंने कथित तौर पर यह कहकर उसे ब्लैकमेल भी किया कि उसके घर पर इस बात की जानकारी दी जाएगी। आरोप है कि आरोपी दोनों महिलाओं ने पहले उसे नकद भुगतान करने के लिए मजबूर किया और बाद में उसका मोबाइल फोन छीन लिया और ऑनलाइन भुगतान किया। पता चला है कि व्यवसायी से कुल लगभग 55 हज़ार रुपये लूटे गए। इतना ही नहीं, बुधवार को एक और व्यक्ति के साथ भी यही घटना घटी। यह घटना सोनागाछी में हुई। पता चला है कि दूसरी घटना में उस व्यक्ति से कथित तौर पर लगभग 44 हज़ार रुपये लूटे गए। आरोपियों के नाम शरबानी धर और मोयना धर हैं। स्थानीय बड़तला थाने में दो अलग-अलग घटनाओं की अलग-अलग शिकायतें दर्ज की गईं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने घटना की जांच की और चार यौन कर्मियों को गिरफ्तार किया।

## सप्ताहांत में आंशिक रूप से बंद रहेगा दूसरा हुगली पुल

**कोलकाता :** दूसरे हुगली पुल (विद्यासागर सेतु) पर इस सप्ताहांत यानी 11 और 12 अक्टूबर को कुछ घंटों के लिए वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। पुल के केबल और बियरिंग बदलने का काम चल रहा है, इसी कारण यह निर्णय लिया गया है। इस संबंध में कोलकाता पुलिस ने गुरुवार को एक आधिकारिक नोटिस जारी किया।

**सूचना के मुताबिक,**

❑ शनिवार, 11 अक्टूबर को सुबह 5 बजे से 9 बजे तक विद्यासागर सेतु पूरी तरह वाहन आवागमन के लिए बंद रहेगा।

❑ वहीं रविवार, 12 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक इस पुल पर ट्रैफिक नहीं चलेगा।

हालांकि, पुलिस ने बताया है कि इस दौरान वाहनों को वैकल्पिक मार्गों (घुमावदार रास्तों) से भेजा जाएगा ताकि यात्रियों को अधिक परेशानी न हो।

**कोलकाता पुलिस के अनुसार वैकल्पिक यातायात व्यवस्था इस प्रकार होगी:**

❑ ए.जे.सी. बोस रोड से पश्चिम दिशा की ओर जाने वाली गाड़ियां विद्यासागर सेतु के बजाय टर्फ व्यू रोड - हेस्टिंग्स क्रॉसिंग - स्ट्रैंड रोड होते हुए हावड़ा ब्रिज से गुजरेंगी।

❑ के.पी. रोड से आने वाले पश्चिममुखी वाहन को 11 नं. फारलंग गेट रोड से सेंट जॉर्जेस रोड - स्ट्रैंड रोड - हावड़ा ब्रिज की ओर मोड़ा जाएगा।

❑ खिदिरपुर से आने वाले पूर्वमुखी वाहन को हेस्टिंग्स क्रॉसिंग से सेंट जॉर्जेस रोड - स्ट्रैंड रोड - हावड़ा ब्रिज के रास्ते भेजा जाएगा।

❑ इसके अलावा वाई पॉइंट के घोड़ा पास से भी वाहनों को के.पी. रोड और रेड रोड होते हुए हावड़ा दिशा की ओर मोड़ा जाएगा।

कोलकाता पुलिस ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित समय में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और अनावश्यक रूप से पुल की ओर न जाएं, ताकि यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## वेतन वृद्धि की मांग पर अस्थायी कर्मचारियों ने किया हिडको भवन का घेराव

**कोलकाता, समाज्ञा :** वेस्ट बेंगल हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (हिडको) के अस्थाई कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर गुरुवार की सुबह से न्यूटाउन स्थित हिडको भवन के गेट पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। न्यूटाउन के विभिन्न इलाकों से हिडको के सभी अस्थायी कर्मचारी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में विरोध प्रदर्शन कुल 11 मांगों को लेकर शुरू हुआ। जिनमें वेतन वृद्धि, मासिक वेतन पर्ची, बरसात और सर्दी के मौसम में कर्मचारियों के लिए विशेष कपड़े और महीने में चार दिन की छुट्टी शामिल है। संगठन के अस्थायी कर्मचारियों ने नारकेल बागान से सटे हिडको भवन का घेराव किया।



दोपहर में हिडको अधिकारियों और अन्य विभागों द्वारा संचालित विभिन्न पर्यटन स्थलों के कई कर्मचारी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। विरोध प्रदर्शन के कारण हिडको के विभिन्न पर्यटक आकर्षण स्थल, जैसे इको पार्क, रवींद्र तीर्थ, विमान संग्रहालय, नज़रुल तीर्थ, अरमान गांव, स्नेहदिया, स्वप्नभोर, विश्व बांग्ला द्वार, मदर वैक्स संग्रहालय, बंद रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं की गईं, तो अनिश्चित काल के लिए सब कुछ बंद कर दिया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान किसी को भी हिडको भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।

## काली पूजा से पहले हरिपाल में 515 किलो अवैध पटाखे जब्त, चार गिरफ्तार



**हुगली, समाज्ञा :** काली पूजा से ठीक पहले हुगली जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए हैं। हरिपाल थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की रात मालापाड़ा इलाके में एक बालिका विद्यालय के पास स्थित एक घर में छापेमारी की। इस दौरान, पुलिस को वहां से लगभग 515 किलो प्रतिबंधित पटाखे मिले। मौके से दीपंकर बास्के, अरूप दास, बबलू बाउरी और मति बाउरी नामक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि इन चारों को गुरुवार को अदालत में पेश किया गया। तारकेश्वर के सर्किल इंस्पेक्टर प्रशांत चट्टोपाध्याय ने बताया कि त्योहारों के मौसम, विशेषकर काली पूजा और दीवाली से पहले, अवैध पटाखों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने साफ कहा है कि आने वाले दिनों में ऐसे अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि त्योहार का माहौल शांतिपूर्ण और सुरक्षित बना रहे।

## दमदम में कूड़े के ढेर से किशोर का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

❑ **परिजनों ने दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दमदम के प्रमोदनगर में गुरुवार को एक किशोर का शव कूड़े के ढेर से बरामद किया गया। मृतक की पहचान गणेश समद्दार (17) के रूप में की गई है। वह प्रमोदनगर का ही निवासी था। उसकी मौत कैसे हुई? शव कूड़े के ढेर में कैसे पहुंचा? दमदम और बारानगर थानों की पुलिस रहस्य को सुलझाने के लिए मौके पर पहुंची। परिवार ने आरोप लगाया कि बेटे की हत्या कर शव को डंपिंग ग्राउंड में छिपा दिया गया। परिवार इसके लिए दोस्तों को जिम्मेदार ठहरा रहा है। हालांकि, पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि वास्तव में क्या हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर में जब सफाई कर्मचारी प्रमोदनगर में कचरा फेंक रहे थे, तो उन्हें अंदर एक शव मिला। दमदम और बारानगर थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों के अनुसार, गणेश ने मंगलवार को अपनी बहन से कहा था कि वह एक दोस्त के जन्मदिन पर जा रहा है। यह कहकर वह शाम तक घर से निकल गया। इसके बाद, परिजनों ने गणेश से फोन पर भी संपर्क किया। लेकिन, परिजनों का दावा है कि गणेश उस रात घर नहीं लौटा। बुधवार की सुबह से ही उसका फोन बंद था और उससे संपर्क करने का कोई तरीका नहीं था। फिर, गुरुवार को गणेश का शव स्थानीय कूड़े के ढेर से बरामद हुआ। उसके सिर और चेहरे पर चोट के निशान थे। परिवार का आरोप है कि उनके बेटे की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए छिपा दिया गया था। परिवार का आरोप है कि इसके पीछे उसके दोस्तों का हाथ है। हालांकि, पुलिस ने मौके पर जांच शुरू कर दी है ताकि पता लगाया जा सके कि वास्तव में क्या हुआ था।

## रानिहाटी मोड़ पर जाम कम करने के लिए पुलिस ने हटाए अतिक्रमण, कई अवैध दुकानें तोड़ी गईं

**हावड़ा :** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 16 पर रानिहाटी मोड़ के पास लगातार बढ़ते जाम की समस्या को दूर करने के लिए हावड़ा सिटी पुलिस ने अतिक्रमण हटाने की कड़ी कार्रवाई शुरू की है। गुरुवार दोपहर, पहले से जारी निर्देशों के अनुसार, दुकानदारों ने खुद ही सड़क किनारे के अवैध दुकानों और निर्माणों को हटा लिया।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस कदम से अब रानिहाटी मोड़ पर जाम की समस्या में काफी सुधार होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने भी माना कि सड़क पर अवैध कब्जा ट्रैफिक जाम का मुख्य कारण था। हालांकि नियमित यात्रियों का कहना है कि जब तक यहां फ्लाईओवर का निर्माण नहीं होता, तब तक पूरी तरह राहत मिलना मुश्किल है।

रानिहाटी मोड़ पर दिन हो या रात, ट्रैफिक जाम आम बात है। लोगों को रोज़ाना परेशानी झेलनी पड़ती है। जाम के कारण एम्बुलेंस तक फँस जाती हैं और कई बार हादसे भी हो चुके हैं। इन घटनाओं को देखते हुए हावड़ा सिटी पुलिस ने अवैध दुकानों को हटाने और ट्रैफिक व्यवस्था को सामान्य करने के लिए विशेष अभियान चलाया। बुधवार से शुरू हुई यह कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रही।



धुलोगोड़ा ट्रैफिक के आईसी स्वरूप सेन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और जाम से राहत दिलाने के लिए यह अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है।

नाबघोरा आदर्श व्यापार संघ के अध्यक्ष तापस घोष ने कहा, इस कार्रवाई से कई लोगों को असुविधा जरूर होगी, लेकिन सड़क पर अवैध दुकानों के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है और भीषण जाम लगता है। इसलिए हम प्रशासन के इस निर्णय का समर्थन करते हैं।

## न्यूज अपडेट

### विश्व स्वास्थ्य संगठन और वनसाइट एस्सिलरलक्ज़ोटिका फ़ाउंडेशन ने विस्तार के लिए की पार्टनरशिप

**कोलकाता :** इन्क्लुसिव विज़न केयर की वैश्विक पहुँच को बढ़ाने के लिए समर्पित विश्व की प्रमुख संस्थाओं में से एक वनसाइट एस्सिलरलक्ज़ोटिका फ़ाउंडेशन ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ पार्टनरशिप की है। इस पार्टनरशिप का उद्देश्य नीति आयोग के एस्पिरेशनल ब्लॉक्स में विज़न सर्विसेस की डिलीवरी को तेज़ करना है, जो डब्ल्यूएचओ के वैश्विक स्पेक्स 2030 लक्ष्य-साल 2030 तक इफेक्टिव रिफ्रेक्टिव एरर कवरेज में 40% की वृद्धि करने में सहयोग करेगी। एस्सि-लरलक्ज़ोटिका मिशन हेड और वनसाइट एस्सिलरलक्ज़ोटिका फ़ाउंडेशन के अध्यक्ष अनुराग हंस ने कहा: कर्नाटक का आशा किरण कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि सही साझेदारी के साथ व्यापक स्तर पर क्वालिटी ऑय केयर संभव है। हमने सीखा है कि दीर्घकालिक प्रभाव के लिए सरकारी प्रणालियों के साथ बेहतर तकनीकी पार्टनरशिप ज़रूरी है। डॉ. रोडेरिको ओफ्रिन, डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि, भारत ने कहा: यह पार्टनरशिप दिखाती है कि लोकल इनोवेशन कैसे वैश्विक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं को आगे बढ़ा सकते हैं। दिनेश गुंडू राव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, कर्नाटक सरकार ने कहा: कर्नाटक सरकार हर नागरिक के दरवाजे तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'आशा किरण' कार्यक्रम इस दिशा में एक प्रमुख पहल है जो नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक विस्तारित करता है।

### एगरा में चार लाख रुपये के अवैध पटाखे बरामद



**पूर्व मेदिनीपुर :** काली पूजा से पहले एगरा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बुधवार की रात ओडिशा से लाई जा रही भारी मात्रा में अवैध पटाखों की खेप पुलिस ने जब्त की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर एगरा-दो नंबर ब्लॉक के बैताई क्षेत्र में छापेमारी की गई। इस दौरान एक इंजन वैन से लगभग चार लाख रुपये मूल्य के अवैध पटाखे बरामद किए गए। पुलिस ने इंजन वैन को जब्त कर लिया और दो अवैध पटाखा कारोबारी को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों का घर एगरा-दो ब्लॉक के उत्तर ताजपुर इलाके में बताया गया है। दोनों आरोपितों को गुरुवार को कांथी महकमा अदालत में पेश किया गया।

### शाओमी ने भारत में 10 प्रीमियम सर्विस सेंटर खोले, ग्राहक अनुभव को नया स्तर दिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर शाओमी ने भारत के प्रमुख शहरों में 10 नए प्रीमियम सर्विस सेंटर लॉन्च किए हैं, जो ग्राहक सेवा और अनुभव में नए मानक स्थापित करेंगे। ये सेंटर बैंगलोर, हैदराबाद और कोच्चि में शुरू हो रहे हैं, जबकि आने वाले हफ्तों में चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली, जयपुर, मुंबई, पुणे और अहमदाबाद में भी खुलेंगे। शाओमी की योजना पूरे भारत में 100 प्रीमियम सर्विस सेंटर स्थापित करने की है। सुधीन माथुर, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, शाओमी इंडिया ने कहा कि यह पहल केवल उत्पाद सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बनाने और अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में रणनीतिक कदम है। नए सेंटरों में तेज और सटीक रिपेयर, एडवांस्ड डायग्नोस्टिक टूल्स, तत्काल स्पेयर पार्ट्स और बहुभाषी ग्राहक प्रबंधक उपलब्ध हैं। ये ओवरऑल एक्सपीरियंस हब हैं, जहां ग्राहक उत्पाद देख, खरीद और पेपरलेस ऑपरेशन का अनुभव कर सकते हैं। शाओमी डेज जैसी पहलें विशेष सर्विस लाभ और ग्राहक छूट भी प्रदान करेंगी।

### मध्य प्रदेश में कई बच्चों की मौत के बाद 'विषाक्त' कफ सिरप की बिक्री पर बंगाल में प्रतिबंध

**कोलकाता :** मध्य प्रदेश में 'कोल्डरिफ' नामक कफ सिरप पीने से कई बच्चों की मौत होने के बाद, अब पश्चिम बंगाल में इस दवा की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इस संदर्भ में बंगाल केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की ओर से सभी खुदरा और थोक दवा विक्रेताओं को चेतावनी जारी की गई है कि किसी भी हालत में इस विषाक्त कफ सिरप 'कोल्डरिफ' की बिक्री या खरीदारी नहीं की जाए। एसोसिएशन के सचिव पृथ्वी बसु ने बताया कि जिस बैच नंबर की 'कोल्डरिफ' कफ सिरप से यह घटना हुई है, वह बैच बंगाल में नहीं पहुंचा है। फिर भी सावधानी के तौर पर राज्य के सभी थोक और खुदरा विक्रेताओं को हिदायत दी गई है कि इस दवा की बिक्री पूरी तरह बंद रखी जाए।उन्होंने कहा, हम नहीं चाहते कि किसी भी तरह की जोखिम ली जाए। सभी दवा विक्रेताओं को सख्त निर्देश भेजे गए हैं कि इस सिरप की कोई लेन-देन न हो। एसोसिएशन ने इस मुद्दे पर 11 अक्टूबर को दवा विक्रेताओं के साथ एक विशेष बैठक भी बुलाई है, जिसमें इस सतर्कता और रोक संबंधी दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### शराबी पत्नी से परेशान पति पहुंचा थाने, पत्नी पर घर में तोड़फोड़ का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** आम तौर पर, थाने में महिलाएं अपने शराबी पति के खिलाफ गाली-गलौज और घरेलू हिंसा की शिकायतें दर्ज कराती हैं। पुलिस उन मामलों में कार्रवाई भी करती है, लेकिन कोलकाता में 'शराबी पत्नी' के हंगामे से परेशान पति को थाने की शरण लेनी पड़ी। शराब के नशे में पत्नी द्वारा घर में पूरी रात तोडफ़ोड़ करने की घटना के बाद आहत पति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। घटना सर्वेपार्क थाना क्षेत्र के संतोषपुर इलाके की है। पति ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसकी पत्नी शराब के नशे में घर में हंगामा करती है। उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करती है। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि वह अपनी मां, पत्नी और बहन के साथ रहता है। कुछ साल पहले उसकी शादी हुई थी। उसका तीन साल का एक बच्चा भी है, लेकिन उसकी पत्नी के अत्यधिक शराब पीने की आदत से परिवार में समस्याएं पैदा हो गई हैं। जब भी वह शराब पीती है, घर में हंगामा शुरू कर देती है। वह उसके साथ गाली-गलौज भी करती है। गत दिनों उसकी पत्नी ने सुबह से ही शराब पीना शुरू कर दिया था। परिवार के सदस्यों ने उसे मना किया था, लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी। रात 11 बजे के बाद उसने घर में हंगामा करना शुरू कर दिया। उसने घर में तोडफ़ोड़ शुरू कर दी। घर के अंदर शीशे के सभी बर्तन और कई अन्य चीजें दूसरी मंजिल से पहली मंजिल पर फेंक दी। मां उत्पात देखकर बच्चा भी बीमार पड़ गया। जब घर के मालिक ने विरोध किया, तो उसने उसके साथ मारपीट भी की। पति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने उसकी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### भद्रेश्वर नॉर्थ ब्रुक जुट मिल में गतिरोध समाप्त

**हुगली, समाज्ञा :** गत कुछ दिनों से भद्रेश्वर के नॉर्थ ब्रुक जुट मिल में चल रहा गतिरोध गुरुवार को कोलकाता के एन एस बिल्डिंग में हुए त्रिपक्षीय बैठक के बाद समाप्त हो गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय हुआ कि 10 अक्टूबर से मिल के काम शुरू हो जाएगा और यह 27 नवंबर से पहले की शर्तों के अनुसार होगा। मिल के स्पिनिंग विभाग के चल रहे समस्या को लेकर द्विपक्षीय चर्चा हुई है। इसको अगले सात दिनों के भीतर सुलझा लिए जायेगा। उल्लेखनीय है कि नॉर्थ ब्रुक जुट मिल में स्पिनिंग विभाग में मजदूरों की छंटनी को लेकर गत 25 सितंबर से गतिरोध जारी था। पिछले कई दिनों से तृणमूल ट्रेड यूनियन के चांपदानी शहर के अध्यक्ष किशोर केवट के नेतृत्व में मिल गेट पर लगातार धरना प्रदर्शन चल रहा था।

### प्रशासन की सख्ती के बावजूद नहीं थम रहा अवैध पटाखों का कारोबार, हुगली में 530 किलो प्रतिबंधित पटाखे जब्त

**हुगली :** प्रशासन की लगातार सख्ती और प्रतिबंधों के बावजूद हुगली जिले में अवैध पटाखों का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। चंडीतला थाना क्षेत्र के खरसराय मनसातला इलाके में पुलिस ने छापा मारकर एक घर से करीब 530 किलो प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने विनय नाथ नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसके घर से तुबड़ी, चॉकलेट बम, रॉकेट और चकरी जैसे खतरनाक पटाखे मिले हैं। हालांकि, पुलिस इस कार्रवाई को अपनी बड़ी सफलता बता रही है, लेकिन सवाल उठ रहे हैं कि इतनी सख्त निगरानी के बावजूद इतने बड़े पैमाने पर ये पटाखे बनाए और सप्लाई कैसे किए जा रहे हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर: कुपवाड़ा में आतंकियों के छिपने के ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार जब्त

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के छिपने के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया है और मौके से भारी मात्रा में हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारतीय सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने बताया खुफिया सूचना के आधार पर बुधवार को कुपवाड़ा के वारसून इलाके स्थित ब्रिजथोर वन में सेना और पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के छिपने के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और दो एके श्रृंखला की राइफलें, चार रॉकेट लांचर, गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया।''

### जम्मू-कश्मीर में 108 अधिकारियों का तबादला

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर सरकार ने बृहस्पतिवार को नौकरशाही में बड़ा फेरबदल करते हुए 108 अधिकारियों का तबादला कर दिया। इस आदेश से कुछ घंटे पहले ही उपराज्यपाल प्रशासन ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सात और जम्मू-कश्मीर पुलिस सेवा (जेकेपीएस) के 14 अधिकारियों सहित कुल 21 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया था। सामान्य प्रशासन विभाग ने 108 अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया, जिनमें से अधिकतर जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा (जेकेएएस) के अधिकारी हैं। इनमें सचिव, निदेशक, विशेष सचिव और प्रबंध निदेशक शामिल हैं।


### यदि प्रक्रिया जनवरी 2022 से पहले शुरू हुई तो सरोगेसी कानून के तहत आयुसीमा लागू नहीं होगी: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2021 के सरोगेसी कानून के तहत आयुसीमा उन इच्छुक जोड़ों पर लागू नहीं होगी, जिन्होंने 25 जनवरी, 2022 को कानून लागू होने से पहले भ्रूण 'फ्रीज' करने जैसी प्रक्रिया शुरू कर दी थी। अधिनियम में इच्छुक दंपति और सरोगेट (किराये की कोख देने वाली) माताओं के लिए आयुसीमा निर्धारित की गई है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि इच्छुक दंपति ने सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 के लागू होने से पहले विभिन्न प्रक्रियाओं को शुरू कर दिया था तो आयु प्रतिबंध लागू नहीं होगा। कानून के अनुसार, प्रमाणीकरण के दिन भावी मां की आयु 23 से 50 वर्ष और भावी पिता की आयु 26 से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने तीन जोड़ों द्वारा दायर याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया।

### कर्नाटक के विधायक और अन्य से जुड़े सट्टेबाजी मामले में ईडी की तलाशी, 50 करोड़ रुपये का सोना जब्त

**नयी दिल्ली :** ऑनलाइन सट्टेबाजी के एक मामले में ताजा तलाशी के दौरान 50.33 करोड़ रुपये मूल्य का लगभग 40 किलोग्राम सोना जब्त किया गया है। इस मामले में कर्नाटक के गिरफ्तार कांग्रेस विधायक के सी वीरेंद्र और कुछ अन्य लोग कथित तौर पर शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को यह कहा। बयान में कहा गया कि यह 24 कैरेट सोना कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के चल्लाकेरे में स्थित दो लॉकर से बरामद किया गया। एजेंसी ने सोने के मालिक की पहचान उजागर नहीं की। ईडी ने चित्रदुर्ग विधानसभा सीट से 50 वर्षीय विधायक को अगस्त में गिरफ्तार किया था। उन्हें सिक्किम में हिरासत में लिया गया था, जहां वे एक कसीनो को पट्टे पर लेने के लिए व्यावसायिक यात्रा पर गए थे। वीरेंद्र फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में हैं और ईडी ने उन्हें इस मामले का मुख्य आरोपी बताया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इससे पहले इस मामले में 21 किलोग्राम सोने की ईंट, नकदी, सोने और चांदी के आभूषण, बैंक खातों में जमा राशि और लक्जरी वाहनों के रूप में 103 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी।

# भारत, ब्रिटेन ने मिसाइलों की आपूर्ति सहित रक्षा संबंधों को विस्तार देने के लिए कदम उठाए



**मुंबई :** भारत और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को कई पहल की शुरुआत की जिसमें भारत की वायु रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए हल्के बहुउद्देशीय मिसाइल (एलएमएम) प्रणालियों की आपूर्ति पर सरकार स्तर पर समझौता भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष केअर स्टार्मर के बीच विस्तृत वार्ता के बाद द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के नए उपायों की घोषणा की गई। मीडिया को दिए अपने बयान में मोदी ने दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा संबंधों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, रक्षा और सुरक्षा से लेकर शिक्षा और नवाचार तक, भारत और ब्रिटेन अपने संबंधों में नए आयाम गढ़ रहे हैं। मोदी-स्टार्मर वार्ता पर एक संयुक्त बयान में भारतीय सेना को हल्के बहुउद्देशीय मिसाइल प्रणालियों की आपूर्ति की योजना के अलावा भारत के नौसैनिक मंचों के लिए समुद्री विद्युत प्रणोदन प्रणालियों को संयुक्त रूप से विकसित करने की खातिर अंतर-सरकारी समझौते को अंतिम रूप देने के लिए सैद्धांतिक कदम की भी बात कही गई।

### स्टार्मर की भारत यात्रा के दौरान नौ विश्वविद्यालयों के नए परिसर खोलने पर बनी सहमति

**लंदन :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की बृहस्पतिवार को मुंबई यात्रा के दौरान भारत में ब्रिटेन के नौ विश्वविद्यालय के नए परिसरों खोलने पर सहमति बनी। इस पहल के साथ ब्रिटेन भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ी मौजूदगी वाला देश बन जाएगा। स्टार्मर ने बताया कि हाल में गुरुग्राम में साउथेम्पटन विश्वविद्यालय का परिसर खुलने के बाद, लैंकेस्टर विश्वविद्यालय और सरे विश्वविद्यालय को नए परिसर खोलने की मंजूरी मिल गई है। यॉर्क विश्वविद्यालय, एबरडीन विश्वविद्यालय, ब्रिस्टल विश्वविद्यालय, लिवरपूल विश्वविद्यालय, क्वीन्स विश्वविद्यालय बेलफास्ट और कोवेंट्री विश्वविद्यालय अगले वर्ष से भारतीय परिसर स्थापित करने की कतार में हैं।

## अगले लोकसभा चुनाव से पहले यमुना की सफाई का काम पूरा हो जाएगा: गृह मंत्री शाह



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यमुना नदी के पुनरुद्धार के लिए बृहस्पतिवार को 1,816 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का अनावरण किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नदी को निर्मल बनाने का रास्ता साफ हो गया है। शाह ने इस कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस नीत पिछली सरकारों पर निशाना साधा और उन पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने और नदी की सफाई के लिए कदम न उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यमुना की सफाई का संकल्प कोई राजनीतिक संकल्प नहीं है, बल्कि लोगों के बीच इसकी श्रद्धा का सम्मान करना है। उन्होंने कहा, आज के कार्यक्रम का एक अलग महत्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि यमुना की सफाई सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और अगले लोकसभा चुनाव से पहले इसे पूरा कर लिया जाएगा। सत्ता में रही 'आप-दा' सरकार ने भी नदी के पुनरुद्धार की बात की थी। उन्होंने कहा था कि वे नदी में डुबकी लगा कर दिखाएंगे। शाह ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा, उन्होंने ऐसा नहीं किया, लेकिन प्रवेश वर्मा ने सुनिश्चित किया कि उनका कटआउट पानी में डुबकी लगाए। कटआउट बीमार हो गया और उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। केजरीवाल ने 2020 में वादा किया था कि अगले चुनाव से पहले, वह यह सुनिश्चित करेंगे कि यमुना इतनी साफ़ हो जाए कि लोग उसमें डुबकी लगा सकें। उन्होंने कहा था कि वह भी लोगों के साथ डुबकी लगाएंगे। शाह ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आप को डुबो दिया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक बैठक हुई थी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भ्रष्टाचार रुकेगा और विज्ञापन कम होंगे, नदी की सफाई का रास्ता साफ़ होता जाएगा।

### आतंकवादियों को घुसपैठ के लिए बर्फबारी का फायदा न उठाने दें : गृहमंत्री

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि आतंकवादी सीमा पार से घुसपैठ के लिए बर्फबारी का फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं, ऐसे में जम्मू-कश्मीर में कड़ी निगरानी रखी जाए। इस केंद्र शासित प्रदेश की उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों को यह सुनिश्चित करने के लिए ''पूरी तरह तैयार रहना चाहिए'' कि आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में सीमा पार घुसपैठ के लिए बर्फबारी का फायदा न उठा सकें।

## बच्चों को छोटी उम्र से ही यौन शिक्षा दी जानी चाहिए: उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि बच्चों को छोटी उम्र से ही यौन शिक्षा दी जानी चाहिए, न कि कक्षा नौ से। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि यौन शिक्षा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पाठ्यक्रम का हिस्सा होनी चाहिए, ताकि बच्चों और किशोरों को यौवन के साथ आने वाले हार्मोनल बदलावों के बारे में जागरूक किया जा सके। पीठ ने कहा, ''हमारा मानना है कि बच्चों को यौन शिक्षा छोटी उम्र से ही दी जानी चाहिए, न कि कक्षा नौ से। यह संबंधित प्राधिकारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए सुधारात्मक उपाय करें, ताकि बच्चों को तरुणाई के बाद शरीर में होने वाले बदलावों और उनसे जुड़ी देखभाल एवं सावधानियों के बारे में जानकारी मिल सके।'' शीर्ष अदालत ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (बलात्कार) और 506 (आपराधिक धमकी) तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम की धारा-छह (गंभीर यौन हमला) के तहत आरोपों का सामना कर रहे 15 साल के एक किशोर को जमानत देते हुए ये टिप्पणियां कीं। सर्वोच्च न्यायालय ने आरोपी को नाबालिग बताते हुए उसे किशोर न्याय बोर्ड की ओर से निर्धारित शर्तों के तहत जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया।

## भाजपा ने कहा: लोजपा (रामविलास) के साथ सबकुछ सकारात्मक, चिराग ने भी जताई सहमति

**नयी दिल्ली/पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता नित्यानंद राय ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के साथ सबकुछ सकारात्मक है। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया जब चिराग पासवान की पार्टी ऐसे संकेत दे रही थी कि सीटों के बंटवारे को लेकर वह पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। लोजपा(रामविलास) अध्यक्ष चिराग पासवान से सीट बंटवारे को लेकर बातचीत कर राय ने बृहस्पतिवार को चिराग के आवास से बाहर निकलकर संवाददाताओं से कहा, हमारे चेहरों की मुस्कान ही सब कुछ बता रही है। उन्होंने कहा, सबकुछ सकारात्मक है। पासवान जी समय आने पर विस्तार से बताएंगे। केंद्रीय मंत्री पासवान ने भी राय की बात का समर्थन करते हुए कहा कि राय जी ने जो कहा, वही स्थिति है। उन्होंने कहा कि सभी बातें समय आने पर विस्तार से साझा की जाएंगी। स्वयं भी केंद्रीय मंत्री हैं, भाजपा की उस टीम में शामिल हैं जो बिहार विधानसभा की 243 सीटों पर दो चरणों (6 और 11 नवंबर) में होने वाले चुनाव के लिए सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने में जुटी है। बताया जा रहा है कि भाजपा के दोनों दलित सहयोगी चिराग पासवान और एक अन्य केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी सीटों की संख्या ही नहीं, बल्कि सीटों के चयन को लेकर भी कड़ा रुख अपनाए हुए हैं।

### बिहार चुनाव के लिए 8.5 लाख कर्मियों को तैनात किया जाएगा : चुनाव आयोग

**नयी दिल्ली :** चुनाव आयोग अगले महीने बिहार विधानसभा चुनाव सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 2.5 लाख पुलिस कर्मियों सहित करीब 8.5 लाख चुनाव कर्मियों को तैनात करेगा। चुनाव आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि लगभग 8.5 लाख चुनाव कर्मियों में से 4.53 लाख मतदान कर्मी, 2.5 लाख पुलिस कर्मी, 28,370 मतगणना कर्मी, 17,875 माइक्रो ऑब्जर्वर, 9,625 सेक्टर अधिकारी और 90,712 आंगनवाड़ी सेविकाएं होंगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम घोषित करते हुए कहा था कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का उपयोग मतदान केंद्रों पर बुर्का और घूंघट वाली महिलाओं की पहचान करने के लिए किया जाएगा। पहली बार, बिहार के 243 निर्वाचन क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिए एक सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा, जो आयोग की आंख और कान के रूप में कार्य करेगा। आयोग के मुताबिक इनके अलावा, 38 पुलिस पर्यवेक्षक और 67 व्यय पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं। ये पर्यवेक्षक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में तैनात रहेंगे और नियमित रूप से राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से मिलकर उनकी चिंताओं का समाधान करेंगे।

## फोर्ब्स इंडिया : देश के अरबपतियों की संपत्ति में 9% की गिरावट

**नयी दिल्ली :** फोर्ब्स इंडिया ने देश के 100 अमीरों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में इस बार भी मुकेश अंबानी ने पहले नंबर पर कब्जा जमाया हुआ है। उनकी नेटवर्थ देश के टॉप 100 अमीरों में सबसे अधिक है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मुकेश अंबानी | 105 अरब डॉलर |
| 2 | गौतम अडानी और परिवार | 92 अरब डॉलर |
| 3 | सावित्री जिंदल और परिवार | 40.2 अरब डॉलर |
| 4 | सुनील मित्तल और परिवार | 34.2 अरब डॉलर |
| 5 | शिव नाडार | 33.2 अरब डॉलर |
| 6 | राधाकिशन दमानी और परिवार | 28.2 अरब डॉलर |
| 7 | दिलीप संघवी और परिवार | 26.3 अरब डॉलर |
| 8 | बजाज परिवार | 21.8 अरब डॉलर |
| 9 | साइरस पूनावाला | 21.4 अरब डॉलर |
| 10 | कुमार बिरला | 20.7 अरब डॉलर |
| 11 | हिंदुजा परिवार | 20.6 अरब डॉलर |
| 12 | लक्ष्मी मित्तल | 20 अरब डॉलर |
| 13 | कुशल पाल सिंह | 16.7 अरब डॉलर |
| 14 | उदय कोटक | 14.6 अरब डॉलर |
| 15 | सुधीर और समीर मेहता | 14.1 अरब डॉलर |
| 16 | शापूर मिस्त्री और परिवार | 13.7 अरब डॉलर |
| 17 | रवि जयपुरिया | 13.3 अरब डॉलर |
| 18 | मधुकर पारेख और परिवार | 12.7 अरब डॉलर |
| 19 | विक्रम लाल और परिवार | 11.4 अरब डॉलर |
| 20 | जमशेद गोदरेज और स्मिता गोदरेज कृष्णा | 11.2 अरब डॉलर |
| 21 | कपिल और राहुल भाटिया | 10.9 अरब डॉलर |
| 22 | अज़ीम प्रेमजी | 10.8 अरब डॉलर |
| 23 | मुथूट परिवार | 10.4 अरब डॉलर |
| 24 | आदि और नादिर गोदरेज | 10.2 अरब डॉलर |
| 25 | मुरली दिवी और परिवार | 10 अरब डॉलर |
| 26 | रमेश और राजीव जुनेजा और परिवार | 9.7 अरब डॉलर |
| 27 | पंकज पटेल | 9.5 अरब डॉलर |
| 28 | शिव किशन अग्रवाल, मनोहर लाल और मधुसूदन अग्रवाल | 9 अरब डॉलर |
| 29 | बर्मन परिवार | 8.8 अरब डॉलर |
| 30 | रेखा झुनझुनवाला | 8.7 अरब डॉलर |
| 31 | विजय चौहान और परिवार | 8.6 अरब डॉलर |
| 32 | इंदर जयसिंघानी और परिवार | 8.5 अरब डॉलर |
| 33 | मुरुगप्पा परिवार | 8.3 अरब डॉलर |
| 34 | बेनु गोपाल बंगुर | 7.8 अरब डॉलर |
| 35 | मंगल प्रभात लोढ़ा | 7.7 अरब डॉलर |
| 36 | हसमुख चुडगर और परिवार | 7.6 अरब डॉलर |
| 37 | दोशी भाई-बहन | 7.5 अरब डॉलर |
| 38 | विनोद और अनिल राय गुप्ता और परिवार | 7.2 अरब डॉलर |
| 39 | हर्ष मारीवाला और परिवार | 6.9 अरब डॉलर |
| 40 | नितिन और निखिल कामत और परिवार | 6.8 अरब डॉलर |
| 41 | सत्यनारायण नुवाल और परिवार | 6.6 अरब डॉलर |
| 42 | विवेक चंद सहगल और परिवार | 6.5 अरब डॉलर |
| 43 | सिंह परिवार | 6.4 अरब डॉलर |
| 44 | नुस्ली वाडिया | 6.35 अरब डॉलर |
| 45 | गिरधारी लाल बावरी, बनवारी लाल बावरी और राजेंद्र अग्रवाल | 6.3 अरब डॉलर |
| 46 | कुलदीप सिंह और गुरबचन सिंह ढींगरा | 6.2 अरब डॉलर |
| 47 | श्रीधर वेम्बु और भाई-बहन | 6 अरब डॉलर |
| 48 | चंद्रु रहेजा 5.9 बिलियन | |
| 49 | एम.ए. युसुफ अली | 5.85 अरब डॉलर |
| 50 | वेणु श्रीनिवासन | 5.8 अरब डॉलर |

## उत्तराखंड में चारधाम यात्रा ने फिर पकड़ी रफ्तार, बदरीनाथ और केदारनाथ में रिकॉर्ड श्रद्धालु पहुंचे



**देहरादून :** उत्तराखंड में मानसून के दौरान आपदाओं के कारण बार-बार बाधित हुई चारधाम यात्रा बर्फबारी और लगातार खराब मौसम के बावजूद अब फिर से रफ्तार पकड़ चुकी है। केदारनाथ और बदरीनाथ मंदिर में उमड़ रहे श्रद्धालुओं की संख्या नये रिकॉर्ड कायम कर रही है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को केदारनाथ और बदरीनाथ यात्रा के संबंध में नये रिकॉर्ड बने। इसके अनुसार, केदारनाथ में जहां इस साल दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या बुधवार को 16.56 लाख के पार चली गई, वहीं बदरीनाथ में यह आंकड़ा 14.53 लाख से अधिक हो गया। आंकड़ों के मुताबिक, पिछला रिकॉर्ड 2024 में बना था, जब पूरे यात्राकाल में 16.52 लाख से अधिक तीर्थयात्री दर्शन के लिए केदारनाथ मंदिर पहुंचे थे, जबकि बदरीनाथ के दर्शन के लिए 14.35 लाख श्रद्धालु गए थे। बुधवार को शाम सात बजे तक एक ही दिन में कुल 19,731 तीर्थयात्रियों ने चारों धाम (बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री) और हेमकुंड साहिब के दर्शन किए। बदरीनाथ मंदिर में 5,042, केदारनाथ मंदिर में 5,614, गंगोत्री धाम में 6,217 और यमुनोत्री धाम में 2,360 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए, जबकि 498 तीर्थयात्री हेमकुंड साहिब पहुंचे।

### उच्च न्यायालय ने प्रक्रियागत चूक का हवाला देते हुए बलात्कार के आरोपी को रिहा करने का आदेश दिया

**मुंबई :** मुंबई उच्च न्यायालय ने एक मूक-बधिर महिला से बलात्कार के आरोपी व्यक्ति को रिहा करने का आदेश दिया है, क्योंकि गिरफ्तारी के समय उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था। हालांकि, न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की पीठ ने अपराध को गंभीर बताते हुए पुलिस को उसे दोबारा गिरफ्तार करने की अनुमति दे दी है। पीठ ने कहा कि पुलिस की इस चूक के कारण पीड़िता को कोई नुकसान नहीं होना चाहिए। मंगलवार को दिये आदेश में, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वह व्यक्ति को जमानत नहीं दे रही है।

## धर्मांतरण के पीड़ित अगर दूसरों का धर्म बदलने की कोशिश करते हैं तो कार्रवाई हो सकती है: अदालत

**अहमदाबाद :** गुजरात उच्च न्यायालय ने कहा है कि धर्म परिवर्तन का शिकार होने का दावा करने वाले व्यक्ति यदि बाद में दूसरों का धर्म परिवर्तन करने का प्रयास करते हैं तो उन्हें भी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। न्यायमूर्ति निर्जर देसाई की अदालत ने कई व्यक्तियों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एक अक्टूबर को कहा, ''अन्य व्यक्तियों को इस्लाम में धर्मांतरित करने के लिए प्रभावित करने, उन पर दबाव डालने और उन्हें प्रलोभन देने'' के उनके कृत्य के कारण उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया अपराध बनता है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि वे मूल रूप से हिंदू थे और अन्य व्यक्तियों ने उनका धर्मांतरण कराकर उन्हें मुसलमान बनाया, इसलिए वे स्वयं धर्म परिवर्तन के शिकार हैं, न कि आरोपी। अदालत ने कहा कि वे (याचिकाकर्ता) ''अन्य व्यक्तियों पर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए दबाव डालने और उन्हें लुभाने'' में शामिल थे जिससे उनके विरुद्ध प्रथम दृष्टया अपराध बनता है। धर्म परिवर्तन कराने के कई आरोपियों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था और तर्क दिया था कि वे स्वयं धर्मांतरण के शिकार हैं और उनके विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी अनुचित है।

## कुछ सूचना आयोगों में आरटीआई अपील की सुनवाई में दशकों लग सकते हैं: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** तेलंगाना राज्य सूचना आयोग में एक जुलाई को दायर की गई अपील या शिकायत पर लगभग 29 साल बाद 2054 में सुनवाई हो सकती है। एक स्वयंसेवी समूह ने बृहस्पतिवार को देश भर के सूचना आयोगों की मासिक निपटान दर का विश्लेषण करने के बाद यह बात कही। सतर्क नागरिक संगठन द्वारा प्रकाशित देश भर के सूचना आयोगों के 'रिपोर्ट कार्ड' में कहा गया है कि भारत भर के सूचना आयोगों में 4 लाख से ज़्यादा मामले लंबित हैं। समूह ने सूचना के अधिकार अधिनियम के उपयोगकर्ता द्वारा दायर की गई अपील या शिकायत के निपटारे में लगने वाले समय का अनुमान लगाने के लिए प्रत्येक सूचना आयोग की मासिक निपटान दर और क्षमता का विश्लेषण किया। रिपोर्ट में कहा गया है, ''तेलंगाना राज्य सूचना आयोग को अनुमानित 29 साल और 2 महीने लगेंगे। 1 जुलाई, 2025 को दायर किए गए मामले का निपटारा वर्ष 2054 में होगा। त्रिपुरा राज्य सूचना आयोग को मामले के निपटारे में अनुमानित 23 साल लगेंगे और छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग को 11 साल लगेंगे। मध्य प्रदेश और पंजाब राज्य सूचना आयोग को 7 साल लगेंगे।'' आकलन से पता चलता है कि 18 आयोगों को एक जुलाई को दायर की गई एक अपील और शिकायत का निपटारा करने में एक वर्ष से अधिक समय लगेगा। रिपोर्ट के अनुसार, देश में आरटीआई अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार 69 प्रतिशत सूचना आयोग इस कानून के तहत अनिवार्य दायित्व को पूरा करने में विफल पाए गए। समूह ने कहा कि आरटीआई अधिनियम की धारा 25 के तहत प्रत्येक आयोग को हर साल इस अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर एक रिपोर्ट तैयार करनी होती है, जिसे संसद या राज्य विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है।

# भारत, ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा संबंधों को विस्तार देने के लिए तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किये



**नयी दिल्ली :** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने बृहस्पतिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उनके समकक्ष रिचर्ड मार्लेस के बीच कैनबरा में ''सकारात्मक'' वार्ता के बाद अपने द्विपक्षीय रक्षा और सैन्य संबंधों को और विस्तार देने के लिए सूचना साझा करने समेत तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किये। सिंह वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और विदेश मंत्री पेनी वोंग से भी मुलाकात की, तथा संबंधों को और अधिक गतिशीलता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया। दोनों रक्षा मंत्रियों ने स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने में मदद के लिए क्षेत्रीय साझेदारों के साथ सहयोग बढ़ाने के महत्व की पुष्टि की, तथा क्षेत्र में नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता तथा निर्बाध व्यापार के लिए अपने मजबूत समर्थन को रेखांकित किया। यह संकल्प रणनीतिक जल क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता की पृष्ठभूमि में लिया गया है। सूचना साझा करने पर समझौते के अलावा, दोनों पक्षों ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जो पनडुब्बी खोज पर सहयोग प्रदान करेगा और संयुक्त वार्ता के लिए एक ढांचा बनाने के संबंध में भी हस्ताक्षर किए जाएंगे। सिंह-मार्लेस बैठक भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के पांच वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित की गई, जिसमें दोनों पक्षों ने समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग सहयोग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में संयुक्त अनुसंधान समेत व्यापक क्षेत्र में रक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। अपने संबोधन में सिंह ने आतंकवाद के खतरे के संबंध में भारत के रुख को दोहराया।

## इजराइली बंधकों की रिहाई की उम्मीद : तेल अवीव में बंधकों के परिजन खुशी से झूम उठे



**तेल अवीव :** करीब दो वर्षों से पीड़ा, अनिश्चितता और मानसिक यातना का प्रतीक बन चुके तेल अवीव के 'होस्टेज स्क्वायर' में बृहस्पतिवार तड़के उस समय उम्मीद और खुशी का माहौल देखा गया, जब गाजा में बंधक बनाए गए इजराइली नागरिकों की संभावित रिहाई की खबर सामने आई। जश्न के माहौल में लोगों ने शैम्पेन की बोतलें खोलीं, मिठाइयां बांटीं और नम आंखों के साथ परिजनों से गले मिलने का दौर चला। इजराइल और हमास के बीच बंधकों की रिहाई को लेकर समझौता होने की खबर फैलते ही बंधकों के परिवार वाले और समर्थक भावुक हो उठे। मातान जांगौकर नामक बंधक की मां और इस दो वर्ष लंबे आंदोलन का प्रमुख चेहरा बनीं ऐनाव जांगौकर ने खुशी से आसमान की ओर हाथ उठाते हुए कहा, मातान घर आ रहा है! उन्होंने कहा, मैं उसके शरीर की खुशबू को महसूस करना चाहती हूं। मेरा एक ही सपना है-मातान को उसके बिस्तर पर आराम से सोता देखना। गौरतलब है कि सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले में सैकड़ों इजराइली नागरिक बंधक बना लिए गए थे, जिसके बाद से उनके परिजनों ने उनकी रिहाई के लिए वैश्विक नेताओं से मुलाकात की, इजराइली नेतृत्व से संघर्ष किया और लगातार अपीलें कीं।

# भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता साझा प्रगति का खाका, वैश्विक मानक के लिए साझेदारी करें कंपनियां: मोदी

**मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता दोनों बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लोगों की साझा प्रगति और समृद्धि का खाका (रोडमैप) है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने कंपनियों से ऐसे क्षेत्रों की पहचान करने का आह्वान किया जहां वे वैश्विक मानक स्थापित कर सकें। उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के एक मंच को संबोधित करते हुए भारत की नीतिगत स्थिरता, अनुमान-योग्य नियमन और व्यापक मांग पर प्रकाश डाला। उन्होंने ब्रिटिश कंपनियों को बुनियादी ढांचा, दवा, ऊर्जा और वित्त जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित भी किया। मोदी ने कहा, 'भारत की प्रतिभा एवं व्यापक स्तर और ब्रिटेन के शोध एवं विकास एवं विशेषज्ञता का संयोजन बेहतर परिणाम दे सकता है। लक्षित और समयबद्ध ढंग से आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आपकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।' मैं आपको भारत की वृद्धि गाथा में भागीदार बनने का निमंत्रण देता हूं।'' उन्होंने कहा कि जुलाई में व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर होने के साथ भारत एवं ब्रिटेन के संबंध और मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा, 'वर्तमान वैश्विक अस्थिरता के बीच इस वर्ष भारत-ब्रिटेन संबंधों में और मजबूती देखी गई है। इस वर्ष जुलाई में हमने सीईटीए पर हस्ताक्षर किए हैं... यह महज व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच साझा प्रगति, समृद्धि और साझा लोगों के लिए 'रोडमैप' है।' मोदी ने कहा, ''बाजार पहुंच मिलने के साथ यह समझौता एमएसएमई को बढ़ावा देगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा।' ब्रिटिश प्रधानमंत्री



ने अपने संबोधन में कॉरपोरेट दिग्गजों से यह जानना चाहा कि दोनों देशों की सरकारें अवसरों का लाभ उठाने से रोकने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए क्या कर सकती हैं। स्टार्मर ने कहा, 'हम इस व्यापार समझौते से जुड़ी संभावनाओं को अधिकतम करने में आपका सहयोग करना चाहते हैं।' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जुलाई में व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद से व्यापार और निवेश में छह अरब पाउंड की वृद्धि हुई है। स्टार्मर की भारत यात्रा दोनों देशों द्वारा एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने के ढाई महीने बाद हो रही है।

## भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर, ब्रिटेन साझेदार बनने को तैयार: स्टार्मर

**मुंबई:** ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और ब्रिटेन इस सफर में साझेदार बनने के लिए उपयुक्त स्थिति में है। स्टार्मर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता ब्रिटेन को प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, नवीकरणीय ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में नेतृत्व बढ़ाने का अवसर देगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश 'ब्रिटेन-भारत प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल' को भी गहरा कर रहे हैं। बुधवार को एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मुंबई पहुंचे स्टार्मर ने कहा कि उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भी चर्चा की और दोनों देशों ने इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए साझा दृष्टिकोण अपनाया। स्टार्मर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इजराइल-हमास शांति प्रस्ताव को बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह योजना गाजा के बंधकों, नागरिकों और पूरी दुनिया के लिए राहत लेकर आएगी। उन्होंने कहा, 'अब हम अपने साझेदारों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि यह शांति योजना पूरी तरह और बिना देरी के लागू हो।'

## भारत, ब्रिटेन ने संयुक्त आर्थिक एवं व्यापार समिति के पुनर्गठन के लिए नियम, शर्तों पर हस्ताक्षर किए

**नयी दिल्ली:** भारत और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को संयुक्त आर्थिक एवं व्यापार समिति (जेईटीसीओ) के पुनर्गठन के लिए नियम एवं शर्तों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि यह संस्थागत पुनर्गठन रणनीतिक भागीदारी के लिए द्विपक्षीय ढांचे को मजबूत करेगा और भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक व्यापार समझौते के कार्यान्वयन को गति देगा। उन्होंने कहा कि इससे द्विपक्षीय व्यापार को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने की संयुक्त महत्वाकांक्षा को भी बल मिलेगा।

## अब अमेजन इंडिया पर खरीदी जा सकेगी रॉयल एनफील्ड की 350 सीसी की मोटरसाइकिल

**नयी दिल्ली:** प्रीमियम मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की 350 सीसी की सभी मोटरसाइकिल अब ऑनलाइन ई-कॉमर्स मंच अमेजन से खरीदी जा सकेंगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि फिलहाल पांच प्रमुख शहरों अहमदाबाद, चेन्नई, हैदराबाद, दिल्ली और पुणे के ग्राहकों के लिए ही यह सेवा शुरू की गई है। बयान में कहा गया कि क्लासिक 350, बुलेट 350, हंटर 350, गोअन क्लासिक 350 और नई मेट्योर 350 अमेजन इंडिया पर रॉयल एनफील्ड ब्रांड के बिक्री केंद्र के जरिये बेची जाएंगी।

## डीजीसीए ने इंडिगो पर लगाया 20 लाख रुपये का जुर्माना

**नयी दिल्ली:** नागर विमानन नियामक डीजीसीए ने पायलट प्रशिक्षण में कथित खामियों के लिए इंडिगो पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कंपनी इस फैसले को चुनौती देने की योजना बना रही है। इंडिगो ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे 26 सितंबर को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से जुर्माने के संबंध में नोटिस मिला है। कंपनी सूचना के अनुसार, 20 लाख रुपये का जुर्माना 'श्रेणी सी हवाई अड्डों पर पायलट प्रशिक्षण के लिए योग्य 'सिमुलेटर' का उपयोग करने में कथित विफलता' के लिए लगाया गया है। आमतौर पर श्रेणी 'सी' के हवाई अड्डों की पहुंच और परिचालन स्थितियां चुनौतीपूर्ण होती हैं।

## शिरीष चंद्र मुर्मू ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाला

**मुंबई:** शिरीष चंद्र मुर्मू ने बृहस्पतिवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाल लिया। मुर्मू विनियमन एवं प्रवर्तन सहित चार विभागों का कार्यभार संभालेंगे। वह एम राजेश्वर राव का स्थान लेंगे। राव बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त हो गए। आरबीआई ने बयान में कहा कि मुर्मू को तीन साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया है। मुर्मू इस पहले केंद्रीय बैंक में कार्यकारी निदेशक के पद पर तैनात थे। एक अलग बयान में आरबीआई ने कहा कि संजय कुमार हंसदा को तीन मार्च, 2025 से कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। मुर्मू 1991 में रिजर्व बैंक में शामिल हुए और विभिन्न पदों पर कार्य किया। उन्होंने पूर्व में बैंक ऑफ इंडिया और देना बैंक के निदेशक मंडल में आरबीआई के नामित निदेशक के रूप में कार्य किया है, साथ ही ईसीजीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल में भी कार्य किया है।

## छह लाख करोड़ रुपये के निवेश से 10,000 किलोमीटर के नए एक्सप्रेसवे बना रही है सरकार : गडकरी



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार देशभर में छह लाख करोड़ रुपये की लागत से 25 ग्रीनफील्ड (नए) एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रही है, जिनकी लंबाई कुल 10,000 किलोमीटर होगी। पीएचडीसीसीआई के 120वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि रणनीतिक जोजिला सुरंग का 75-80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। यह सुरंग लद्दाख क्षेत्र और देश के बाकी हिस्सों के बीच सभी मौसम में संपर्क प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यदि राजमार्ग मंत्रालय अपनी सड़क परियोजनाओं का मौद्रीकरण करता है तो उसे 15 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों के निर्माण से देश की लॉजिस्टिक्स लागत 16 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा, 'दिसंबर तक भारत की लॉजिस्टिक्स लागत घटकर नौ प्रतिशत रह जाएगी जिससे भारत को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी।' अमेरिका में लॉजिस्टिक्स लागत 12 प्रतिशत, यूरोपीय देशों में 12 प्रतिशत और चीन में आठ से 10 प्रतिशत है। भारत के मोटर वाहन क्षेत्र के बारे में बात करते हुए मंत्री ने कहा, 'पांच साल के भीतर हमारा लक्ष्य भारत के मोटर वाहन उद्योग को दुनिया में नंबर एक बनाना है।' गडकरी ने कहा, 'जब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब भारतीय मोटर वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था। आज भारतीय मोटर वाहन उद्योग का आकार 22 लाख करोड़ रुपये है।' उन्होंने कहा कि मोटर वाहन क्षेत्र चार लाख युवाओं को रोजगार देता है और केंद्र व राज्यों को सबसे अधिक जीएसटी (माल एवं सेवा कर) राजस्व प्रदान करता है। अमेरिकी मोटर वाहन उद्योग का वर्तमान में आकार 78 लाख करोड़ रुपये है, उसके बाद चीन (47 लाख करोड़ रुपये) और भारत (22 लाख करोड़ रुपये) का स्थान है।

## टीसीएस से 6,000 कर्मचारियों को निकाला गया, बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए जा रहे आंकड़े: कंपनी अधिकारी

**नयी दिल्ली:** देश की प्रमुख आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने कुल कार्यबल का एक प्रतिशत यानी 6,000 लोगों को नौकरी से हटाया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुदीप कुन्नुमल ने यह भी कहा कि इस बारे में आंकड़ों को काफी बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। उन्होंने ऐसे आंकड़ों पर ध्यान नहीं देने का आग्रह किया। यह पूछे जाने पर कि 50,000 से 80,000 लोगों की छंटनी की आशंका जतायी जा रही है, कुन्नुमल ने कहा, ये आंकड़े तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। इसे बेहद बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और इसपर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। इस बीच, आईटी कर्मचारियों के संघ, नैसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट (एनआईटीईएस) ने एक बयान में कहा कि टीसीएस ने आधिकारिक तौर पर वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 5,93,314 होने की सूचना दी है, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में यह संख्या 6,13,069 थी। संगठन ने कहा, ''यह सिर्फ एक तिमाही में 19,755 कर्मचारियों की कमी को बताता है।' कुन्नुमल ने कहा, 'आज हम जिस समय बात कर रहे हैं, उस समय हमने मध्य और वरिष्ठ स्तर पर लगभग एक प्रतिशत लोगों को हटाया है।

## शुल्क अब हथियार हैं, भारत वैश्विक दबाव के आगे नहीं झुकेगा :कृषि मंत्री चौहान

**नयी दिल्ली:** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति में जहां व्यापार एवं शुल्क हथियार बन गए हैं... भारत अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश को वैश्विक बाजारों पर निर्भर हुए बिना खाद्य सुरक्षा को और मजबूत करना चाहिए। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 120वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत, 'विश्व में भाई' की भूमिका निभाने में विश्वास रखता है और दुनिया के बारे



में चिंतित है लेकिन देश का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, 'ऐसी अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति में जहां राष्ट्र एक-दूसरे से लड़ रहे हैं, जहां व्यापार एवं शुल्क को हथियार माना जा रहा है, जहां राष्ट्र अपनी मनमानी से दुनिया पर शासन कर रहे हैं... ऐसी स्थिति में, भारत को अपना रास्ता चुनना होगा। हम किसी के दबाव में नहीं आएंगे। अपने देश के हितों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है और यह वैश्विक शांति के लिए आवश्यक है। भारत जैसे जिम्मेदार देश को आगे आना चाहिए।' मंत्री ने कहा कि भारत की 46 प्रतिशत आबादी अपनी आजीविका के लिए सीधे तौर पर कृषि पर निर्भर है। इस पर निर्भरता को कम करने के लिए जारी प्रयासों के बावजूद इस क्षेत्र को मजबूत करना महत्वपूर्ण हो जाता है।

## टाटा ट्रस्ट्स का मुखिया टाटा परिवार का ही सदस्य हो: रतन टाटा की जीवनी के लेखक

125 YEARS OF TATA TRUSTS
PRIVILEGED TO SERVE. SINCE 1892.

**नयी दिल्ली:** टाटा ट्रस्ट्स में शीर्ष स्तर पर जारी खींचतान के बीच दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा की जीवनी के लेखक थॉमस मैथ्यू ने कहा है कि इस ट्रस्ट का नेतृत्व हमेशा टाटा परिवार के सदस्य के पास ही रहना चाहिए ताकि संस्थापकों द्वारा तय लक्ष्यों को आगे बढ़ाया जा सके। मैथ्यू ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि टाटा ट्रस्ट्स में मौजूदा विवाद महज 'छोटी मतभिन्नता' है जो हर संक्रमणकाल में होती है और इसका समूह पर कोई वास्तविक प्रभाव नहीं पड़ेगा। टाटा ट्रस्ट्स के भीतर निदेशक मंडल में नियुक्तियों और प्रशासनिक मुद्दों को लेकर विवाद चल रहा है। इस मुद्दे पर टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा, टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन, ट्रस्ट्स के उपाध्यक्ष वेणु श्रीनिवासन और ट्रस्टी डेरियस खम्बाटा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात भी की है। इस संदर्भ में मैथ्यू ने कहा, ''मेरी राय में टाटा ट्रस्ट्स का प्रमुख हमेशा टाटा परिवार का ही व्यक्ति होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है क्योंकि यह ट्रस्ट उन्हीं के नाम पर है और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए ही बना है।'' उन्होंने कहा, ''इस तरह के छोटे विवाद समय-समय पर आते रहते हैं लेकिन टाटा समूह इतना बड़ा और मजबूत है कि ये सब 'साइड शो' मात्र हैं।'' हालांकि, मैथ्यू ने यह स्वीकार किया कि इस बार मतभेदों को सार्वजनिक नहीं होना चाहिए था लेकिन उन्हें उम्मीद है कि यह मामला बिना किसी बड़ी समस्या के सुलझ जाएगा। ट्रस्ट्स के पास टाटा संस में करीब 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसके जरिये वह 180 अरब डॉलर से अधिक मूल्य वाले समूह पर निर्णायक प्रभाव रखता है।

## रिलायंस, आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 398 अंक चढ़ा, निफ्टी 136 अंक मजबूत

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 398 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 136 अंक की बढ़त रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच आईटी कंपनियों और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 398.44 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर 82,172.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 474.07 अंक यानी 0.57 प्रतिशत बढ़कर 82,247.73 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 135.65 अंक यानी 0.54 प्रतिशत बढ़कर 25,181.80 अंक पर पहुंच गया। तिमाही नतीजों की घोषणा से पहले एचसीएल टेक, टीसीएस, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा जैसे आईटी शेयरों में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स में शामिल अन्य कंपनियों में टाटा स्टील, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.39 प्रतिशत बढ़कर 12,075 करोड़ रुपये हो गया। वहीं राजस्व 2.39 प्रतिशत बढ़कर 65,799 करोड़ रुपये रहा।



## स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास, वनडे क्रिकेट में बनाया विश्व कीर्तिमान, तोड़ा 28 साल पुराना रिकॉर्ड



**नई दिल्ली:** भारत की स्टार महिला खिलाड़ी स्मृति मंधाना ने वनडे क्रिकेट में एक नया विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में मंधाना साउथ अफ्रीका के खिलाफ 32 गेंद में 23 रनों की पारी खेल कर आउट हुईं। इसके साथ ही मंधाना वनडे क्रिकेट में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादान रन बनाने का रिकॉर्ड अपे नाम कर लिया है। मंधाना ने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क को पीछे छोड़ा है। बेलिंडा क्लार्क ने 1997 में 970 रन बनाए थे। ऐसे में मंधाना ने अब महिला वनडे क्रिकेट में 28 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

## बंगाल वारियर्स ने दबंग दिल्ली को 37-36 से हराया

**चेन्नइ:** बंगाल वॉरियर्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें चरण में बृहस्पतिवार को दबंग दिल्ली को 37-36 से हराकर शानदार अंदाज में जीत की राह पर वापसी की। देवांक दलाल के सुपर 10 और आशीष मलिक के हाई फाइव की बदौलत सातवें सत्र की चैंपियन टीम इस जीत से अंक तालिका में 10वें स्थान पर पहुंच गई। हाफ टाइम तक दबंग दिल्ली ने 19-18 की बढ़त बनाई हुई थी लेकिन बंगाल वारियर्स की टीम वापसी करते हुए रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज करने में सफल रही।

## न्यूजीलैंड वनडे से पहले रोहित, कोहली को विजय हजारे के कम से कम तीन दौर खेलने का मौका मिलेगा

**नयी दिल्ली:** जनवरी में न्यूजीलैंड वनडे श्रृंखला से पहले रोहित शर्मा और विराट कोहली के कम से कम तीन या चार विजय हजारे ट्रॉफी मैचों में खेलने की उम्मीद है बशर्ते उनका लक्ष्य 2027 विश्व कप में खेलने का हो। दक्षिण अफ्रीका वनडे के समापन और न्यूजीलैंड वनडे श्रृंखला के शुरु होने के बीच दिल्ली और मुंबई के लिए विजय हज़ारे ट्रॉफी के कम से कम छह दौर के मैच होंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता उम्मीद करेंगे कि यह उम्रदराज़ जोड़ी 50 ओवरों के इन मैचों में खेले।

## भारत ने सिंगापुर से 1-1 से ड्रॉ खेला, एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद बरकरार

**सिंगापुर:** दस खिलाड़ियों के साथ खेल रही भारतीय टीम ने मैच के अंतिम क्षणों में विरोधी टीम की रक्षात्मक चूक का फायदा उठाकर बृहस्पतिवार को यहां सिंगापुर 1-1 से बराबरी पर रोककर एशियाई कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। सिंगापुर ने पहले हाफ के पहले मिनट में ही इखसान फंडी के गोल की बदौलत बढ़त बना ली जिससे भारतीय टीम ग्रुप सी के मैच में शुरुआत में ही बैकफुट पर आ गई। रहीम अली ने हालांकि 90वें मिनट में गोल दागकर भारत को बराबरी दिला दी। सिंगापुर के जोर्डन इमाविवे ने बड़ी गलती करते



हुए भारत को गोल तोहफे में दे दिया। खालिद जमील की भारतीय टीम दूसरा लगभग पूरा हाफ 10 खिलाड़ियों के साथ खेला क्योंकि मुख्य डिफेंडर संदेश झिंगन को 47वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड मिलने के बाद मैदान से बाहर भेज दिया गया। झिंगन चेहरे पर काला मास्क लगाकर खेल रहे थे क्योंकि पिछले महीने सीएएफए नेशंस कप के दौरान उनके गाल की हड्डी में फ्रेक्चर हो गया था जिसके लिए सर्जरी की जरूरत थी। बांग्लादेश के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ और पिछले मैच में हांगकांग से 0-1 से हार के बाद भारत के अब तीन मैच में दो अंक हैं। टीम की 2027 में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की राह काफी मुश्किल है। एएफसी एशियाई कप 2027 के लिए प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष पर रहने वाली टीम ही क्वालीफाई करेगी। ग्रुप की सभी चार टीम घरेलू मैदान और विरोधी के मैदान के प्रारूप में कुल मिलाकर छह मैच खेलेंगी।

## दक्षिण अफ्रीका ने तीन विकेट से जीता मुकाबला



**विशाखापत्तनम :** दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीन विकेट हरा दिया। गुरुवार को महिला विश्व कप का रोमांचक मुकाबला विशाखापत्तनम में खेला गया जिसमें भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऋचा घोष की 94 रनों की पारी की बदौलत 49.5 ओवर में 10 विकेट पर 251 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 48.5 ओवर में सात विकेट खोकर 252 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनके लि कप्तान लाउरा वोलवार्ड्ट ने 70 और नादिन डी क्लार्क ने नाबाद 84 रन बनाए। भारत के लिए क्रांति गौड़ और स्नेह राणा ने दो-दो विकेट लिए जबकि अमनजोत कौर, श्री चरणी और दीप्ति शर्मा ने एक-एक विकेट झटके।

## रोहित और विराट वनडे विश्व कप की योजनाओं में शामिल: गिल

**नयी दिल्ली:** भारत की वनडे टीम के नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को कहा कि सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली टीम की 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप की योजना का हिस्सा बने रहेंगे क्योंकि उनके कौशल और अपार अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि वह इस महीने के अंत में आस्ट्रेलिया दौरे से इस प्रारूप की कमान संभालने पर अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की तरह ड्रेसिंग रूम में शांत माहौल बनाए रखने और खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने की कोशिश करेंगे। पहले ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे 26 वर्षीय गिल 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के साथ अपनी एकदिवसीय कप्तानी की



शुरुआत करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि रोहित और कोहली अगले वनडे विश्व कप की योजना का हिस्सा हैं तो गिल चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की तरह सतर्क नहीं थे जिन्होंने हाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस मुद्दे पर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई थी। गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पूर्व संध्या पर उन्हें वनडे टीम का कप्तान भी नियुक्त करने से संबंधित सवालों के जवाब देते हुए कहा, ''बिल्कुल। उनके (रोहित और कोहली) पास जो अनुभव है और उन्होंने भारत के लिए जितने मैच जीते हैं। ऐसे बहुत कम खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारत के लिए इतने मैच जीते हैं।' उन्होंने कहा, 'दुनिया में बहुत कम खिलाड़ी हैं जिनके पास इतना कौशल, गुणवत्ता और अनुभव है। इसे देखते हुए मैं बहुत खुश हूं।' रोहित अब 38 जबकि कोहली 36 साल के हैं। दोनों टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और इस तरह से वह भारत की तरफ से बहुत कम मैच खेल पाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के दौरे में सभी की निगाह इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी।

## गिल को एकदिवसीय कप्तान बनाना उचित फैसला: गांगुली

**कोलकाता:** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने शुभमन गिल को भारत की एकदिवसीय टीम की कप्तानी सौंपने के फैसले का समर्थन करते हुए बृहस्पतिवार को इसे 'उचित फैसला' बताया। गांगुली ने कहा कि रोहित शर्मा को एकदिवसीय कप्तान के पद से हटाने का फैसला संभवतः चैंपियन्स ट्रॉफी और टी20 विश्व कप विजेता कप्तान के साथ सलाह-मशविरा करने के बाद किया गया होगा। टेस्ट कप्तान के रूप में गिल की पहली श्रृंखला में भारत ने इंग्लैंड में पांच मैच की श्रृंखला ड्रॉ कराई थी। गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा, 'मुझे लगता है कि यह रोहित के साथ सलाह-मशविरा करके किया गया है... मुझे नहीं पता कि अंदर क्या है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक उचित फैसला है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3379 अंक 189, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in